जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, गुरुवार 16 मई, 2024







BREZZA

*E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP.*

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** 02972-222917-18, 7665010638. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **AURIC MOTORS**: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **AJMER: RELAN MOTORS**: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: 9314531845/9024967833/9887312019/8302176266. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314/8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. **SANGA AUTONATION:** 9057809150, 7734901000. **ALWAR: MG MOTORS:** 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: 8955664400. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. SHOBHAGPURA: 9829043600. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: CHAMPION CARS**: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: 9116008626, 9116008630. **CHURU: TRS CHURU:** 8882899302.

*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. ^Not available in LXI, VXI MT.

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# दुनिया में हर साल 20-25 करोड़ लोग आते हैं मलेरिया की चपेट में

गर्मी की शुरुआत के साथ ही मलेरिया के मामले बढ़ने लगते हैं। यह बीमारी न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया भर के अन्य देशों के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है। मलेरिया का प्रसार तेजी से हो रहा है और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी के प्रति लापरवाही घातक हो सकती है।

विशेषज्ञ संतुलित आहार की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मलेरिया से बचाव और पुनर्प्राप्ति दोनों के महत्व पर जोर देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार मलेरिया के कारण हर साल बड़ी संख्या में लोग जान गंवा देते हैं। इससे भी कई गुणा लोग मलेरिया के चपेट में होते हैं। इस कारण सरकारों व आम लोगों पर भारी आर्थिक बोझ भी पड़ता है। 2022 में मलेरिया की चपेट में आने के कारण दुनिया भर में 60 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। इस वर्ष 24.900 करोड़ (249 मिलियन) लोग मलेरिया की चपेट में आये। इनमें 94 फीसदी मलेरिया के मामले और 95 फीसदी मौत के मामले अफ्रीका महाद्वीप में दर्ज किये गये।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के कई हिस्सों में मलेरिया आज भी एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। देश में कुछ खास इलाके में हर साल नियमित तौर पर मलेरिया के मामले दर्ज किये जाते हैं। इन इलाकों में 90 फीसदी से ज्यादा मामले दर्ज किये जाते हैं। आधिकारिक तौर पर दर्ज 80 फीसदी मलेरिया के मामले कुछ सीमित क्षेत्रों में पाये जाते हैं, जिनमें आदिवासी समुदाय, पहाड़ी व दुर्गम इलाके के लोग रहते हैं। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय केंद्र (NCVBDC) के अनुसार 2001 से 2022 तक 21 सालों में मलेरिया से 20,044 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं गैर आधिकारिक आंकड़ों में मलेरिया से मरने वालों की संख्या कई गुणा हो सकती है। मलेरिया से होने वाली मौतों को रोकने के लिए जरूरी है रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा, इलाज व निगरानी की व्यवस्था सुलभ हो।

दुनियाभर में हर साल मलेरिया के लाखों मामले सामने आते हैं। मलेरिया से मरने वालों की संख्या भी काफी ज्यादा होती है। भारत ने हाल के वर्षों में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसके लिए वैश्विक स्तर पर भारत की प्रशंसा की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मलेरिया उन्मूलन के लिए 11 देशों में विशेष पहल की है। कोरोना के दौरान मलेरिया के मामलों में विश्व में केवल भारत में गिरावट दर्ज की गई।

**देश में मौसम परिवर्तन का अनूठा खेल चल रहा है। बेमौसम बारिश के साथ वातावरण में गर्मी, ठण्ड और नमी का मिलाजुला वातावरण व्याप्त हो रहा है। जिस कारण मच्छरों ने घर घर दस्तक दे दी है जो मलेरिया का मुख्य कारक है। मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से फैलती है।**

भारत सरकार के अनुसार 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों में 85 प्रतिशत से अधिक की कमी आई और मलेरिया से मौत के मामलों में 83 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई। देश में मौसम परिवर्तन का अनूठा खेल चल रहा है। बेमौसम बारिश के साथ वातावरण में गर्मी, ठण्ड और नमी का मिलाजुला वातावरण व्याप्त हो रहा है। जिस कारण मच्छरों ने घर-घर दस्तक दे दी है जो मलेरिया का मुख्य कारक है।

मलेरिया तेज बुखार वाली बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में अंडे देती है। इस रोग को फैलाने वाले परजीवी को प्लाज्मोडियम कहते है। देश इस समय जानलेवा वायरस कोरोना से जूझ रहा है। वहीं बारिश और गर्मी में मौसमी बीमारियों के बढने का भी खतरा होने लगता है।

देश पहले ही कोरोना महामारी के चपेट में है। ऐसे में हम सभी को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों से सतर्कता और जागरूकता रखनी चाहिए। मलेरिया बीमारी मच्छर के काटने से होती है इसलिए बच्चों से बुजुर्गों तक को मच्छरों से बचाव रखना चाहिए। इसके लिए आप अपने घर के आसपास पानी न भरने दें। बारिश के मौसम में किसी भी कंटेनर आदि में पानी जमा न होने दें और समय-समय पर कूलर को साफ करें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार हमारे देश में मुख्यत: दो प्रकार का मलेरिया पाया जाता है। प्लाजमोडियम फैल्सीफेरम एवं प्लाज्मोडियम वाईवेक्स। ये मच्छर जब मलेरिया से ग्रसित व्यक्ति को काटता है तब उसके खून में मौजूद प्लाज्मोडियम को अपने शरीर में खींच लेता है। लगभग आठ से दस दिन तक ये मच्छर मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाता है। यह परजीवी लार के साथ उसके शरीर में प्रवेश कर जाता है। जिससे स्वास्थ्य व्यक्ति भी मलेरिया से ग्रसित हो जाता है। मच्छर प्रजनन के कारण बारिश के दौरान और बारिश के बाद यह रोग अधिक लोगों को होता है। रोगी को समय पर उपचार मिलना आवश्यक है। इलाज मिले तो मलेरिया के लक्षण जल्द ही ठीक होने लगते हैं। पूरी तरह ठीक होने में मरीजों को कम से कम दो हफ्ते का समय लगता है। समय पर इलाज ना मिले तो कई बार ये बीमारी बार-बार होने की आशंका भी बनी रहती है। सही इलाज नहीं होने से प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने लगती है और कई अन्य तरह की बीमारियां भी घेर लेती हैं। इसलिए हमें पूरी सावधानी रखनी होगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नेपाल, भूटान, दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, ईरान सहित 25 देशों को मलेरिया मुक्त करने के लिए एक नई पहल ई-2025 शुरु की है जिसका लक्ष्य अगले 5 वर्षों में 25 और देशों को मलेरिया मुक्त करना है। इस पहल के तहत इन देशों को मलेरिया मुक्त करने के लिए विशेष समर्थन और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मलेरिया एक वाहक जनित संक्रामक रोग होता है। यह सबसे प्रचलित संक्रामक रोगों में से एक है।

आंकड़ों पर गौर करें तो अभी भी दुनिया को पूरी तरह मलेरिया मुक्त करने की मंजिल काफी दूर है। जिस तरह से दुनिया कोरोना महामारी का सामना कर रही है, उसने मलेरिया के खिलाफ जारी जंग पर असर डाला है। आज पूरे विश्व का ध्यान कोरोना से लड़ने पर है । इस बीच अन्य बीमारियों के प्रति चेतना में कमी आई है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 16 मई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र सांय 6:41 तक, धुव्र योग प्रात: 8:23 तक, बव करण प्रात: 6:23 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरू-वृष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग सांय 6:14 से आरम्भ होगा। आज अष्टमी तिथि में वृद्धि हुई है। आज जानकी नवमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:23 तक, चर 10:43 से 12:23 तक, लाभ-अमृत 12:23 से 3:43 तक, शुभ 5:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:04

**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है और समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नवीन कारोबारी वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/भाई-बंधुओं के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# चुनाव में आचार संहिता का औचित्य क्या है?



प्रो. अशोक कुमार

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित 'जनरल इलेक्शंस 2019' एन एटलस', के मुताबिक, भारत के पहले आम चुनाव की प्रक्रिया 25 अक्टूबर, 1951 को शुरू हुई और यह चार महीने तक चलकर 21 फ़रवरी, 1952 को पूरी हुई थी! इसके बाद 17 अप्रैल 1952 को पहली लोकसभा का गठन हुआ था। साल 1962 से 1989 के बीच आम चुनाव चार से 10 दिनों के बीच पूरे हो जाते थे। 1980 में चार दिवसीय चुनाव देश के अब तक के सबसे छोटे चुनाव थे। देश में पहले और दूसरे आम चुनाव में लगने वाले महीनों तक के वक्त के मुकाबले सातवां लोकसभा चुनाव 1980 महज चार दिन में पूरा हो गया था। तीन जनवरी को शुरू होकर छह जनवरी 1980 को यह आम चुनाव संपन्न हो गया था।

देश में लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज गई है। 18वीं लोकसभा के लिए देश के लगभग 97 करोड़ मतदाता अपने सांसद चुनने वाले हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग (ण्ंइ) ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। देश की 543 लोकसभा सीटों पर सात चरणों में वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल 2024 से शुरू होगा और चुनाव के परिणाम 04 जून 2024 को घोषित किए जाएंगे।


जिस दिन से चुनाव आयोग चुनाव की तिथि घोषित कर देता है उस दिन से पूरे देश में आचार संहिता लागू हो जाती है! इस आचार संहिता में विभिन्न प्रशासनिक, सामाजिक गतिविधियों पर रोक लग जाती है।

वर्तमान समय में ऐसा देखा गया है की जब आचार संहिता लागू हो जाती है और नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के पहले और होने के बाद अधिक संख्या में राजनीतिक दल बदल की प्रक्रिया शुरू हो जाती है! राजनीतिक टिकट वितरण के साथ ही, जब किसी नेता को टिकिट नहीं मिलता तब वह दूसरी पार्टी मे दल बदल लेता है! आजकल क्योंकि चुनाव की एक लंबी प्रतिक्रिया होती है, चुनाव कई चरणों में होता है, इस प्रक्रिया के दौरान बहुत सारे चुनाव की ओपिनियन पोल आती रहती हैं या एक चुनाव का माहौल बन जाता है जिसमें समय-समय पर यह मालूम चलता है की अब एक पार्टी का जोर चल रहा है या किसी अन्य पार्टी का जोर चल रहा है और उसको देखते हुए नेता अपना दल बदलने की कोशिश करते हैं! मेरा यह सुझाव है की जैसे ही आचार संहिता लागू हो जाए उसके बाद से चुनाव परिणाम तक राजनीतिक दल बदल को अवैध माना जाए।

चुनाव के समय जब नामांकन शुरू होता है और उसके बाद जिस दिन चुनाव केन्द्रों पर मतदान होता है उसके 24 घंटे पहले उस स्थान पर चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है! वर्तमान समय में चुनाव प्रचार रोकने का कोई औचित्य सफल नहीं है! पूर्व में चुनाव की अवधि कम हुआ करती थी और टीवी, दूरसंचार, इंटरनेट आदि आधुनिक कम्युनिकेशन का उपयोग नहीं होता था लेकिन आजकल मीडिया एक प्रचार का मुख्य तंत्र बन गया है और इस मीडिया के कारण आप देश भर में किसी भी कोने में चुनाव का प्रचार कीजिए वो दुनिया के हर कोने में आसानी से मतदाताओं तक पहुंच जाता है! ऐसा देखा गया है कि हम लोकसभा के चुनाव में जिस क्षेत्र में मतदान होना है उसमें 24 घंटे पहले प्रचार की प्रक्रिया समाप्त कर देते हैं लेकिन क्योंकि किसी अन्य क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया कुछ दिन बाद होनी है इसलिए सभी नेता दूसरे मतदान क्षेत्र पर पहुंचकर और विशेष कर जिस दिन किसी अन्य स्थान पर मतदान होना है, जहां पर उनका प्रचार करना पर पाबंदी लगा दी गई थी वह किसी अन्य क्षेत्र में बहुत ही जोरो से, बहुत ही वैभव के साथ प्रचार अवश्य करते हैं! जितना बड़ा नेता होता है उसका प्रचार का कवरेज हर मीडिया ग्रुप करता है, हर टीवी चैनल करता है और वह चुनाव के लिए अपना प्रचार करने में सफल हो जाता है! इसलिए मैं समझता हूं कि यह चुनाव में 24 घंटे पहले की प्रचार की अवधि को समाप्त किया जाए या फिर चुनाव आयोग को कोई नए नियम लागू करने पड़ेंगे जो चुनाव प्रचार के लिए रोकथाम समय पर संभव हो सके।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# ऐसी फिल्म्स की अनुमति क्यों दी जाती है?



रामगोपाल जाट

सोशल मीडिया पर आजकल हीरामंडी नामक फिल्म की चर्चा जोरों पर चल रही है। कुछ प्रबुद्धजनों के लेख पढ़कर फिल्म से समाज पर हो रहे नुकसान का आकलन किया जा सकता है। इससे पहले जानवर फिल्म को लेकर भी बुद्धिजीवी लोगों की टिप्पणी पढ़कर मन बहुत व्यथित हुआ। एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् ने तो यहां तक कहा कि जानवर जैसी फिल्म्स समाज को 10 वर्ष पीछे ले जाती है, इस तरह की मूवी नहीं बननी चाहिए। संजय लीला भंसाली की फिल्म्स में जो भव्यता होती है, वो पैसे के दम पर हासिल की जा सकती है, लेकिन उनकी मूवीज से समाज का जो नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई न तो की जा सकती है और न ही युवाओं को उससे होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।

देश में फिल्म सेंसर बोर्ड है, जो हर फिल्म को देखकर उसको प्रमाण पत्र देता है, उसके पोस्टर पर उसकी कैटेगरी लिखी जाती है, लेकिन क्या इतना सा लिख देना या चेतावनी दे देना ही सब कुछ है? आज बच्चों के हाथ में मोबाइल होता है, इंटरनेट अनलिमिटेड मिल रहा है, सुबह से शाम तक बच्चे अपने परिजनों से जिद करके मोबाइल देखते रहते हैं। किसी तरह की कोई रोक नहीं है, सोशल मीडिया पर तो फिर भी थोड़ा बहुत नियंत्रण होता है, लेकिन उसके अलावा इतनी साइट्स हैं, जिनके बारे में माता-पिता को पता ही नहीं है। बदलते वातावरण और इंटरनेट की दुनिया को समझने में बच्चे बहुत तेज होते हैं। उनको नई-नई साइट्स का पता होता है।

सरकार बहुत शान से कहती है, बीते 10 साल में इंटरनेट को इतना सस्ता और आमजन की पहुंच में कर दिया है कि एक ठेले वाला भी आसानी से इंटरनेट का मजा ले सकता है। यह बात सही है कि आज दुनिया में सबसे अधिक इंटरनेट उपभोक्ता भारत में है। इंटरनेट का जाल भी भारत में सर्वाधिक वाले देशों में है। इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली कंपनी के द्वारा सस्ते से सस्ता इंटरनेट पैकेज दिया जा रहा है। हाथ में मोबाइल से देश दुनिया की तमाम चीजों के बारे में जानना बेहद आसान हो गया है। केंद्र सरकार ने इस दिशा में बहुत काम किया है, जिसकी सराहना करना जरूरी है, लेकिन इन सब के साथ ही सरकार की कुछ जिम्मेदारियां भी बनती हैं, जिनको कोई उठाना ही नहीं चाहता। सरकार इन दिनों चुनाव में व्यस्त है, तो ब्यूरोक्रेसी के पास इन चीजों के लिए समय ही नहीं है। फिल्म निर्माता आज सिनेमा हॉल के भरोसे नहीं है, जहां पर युवा पहुंचना कम कर चुका है। आज ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जो हर हाथ में उपलब्ध है। ओटीटी आने के बाद तो अश्लीलता और निकृष्टता की सारी हदें पार हो चुकी हैं। यहां पर अपराध करने के नए-नए तरीके बताए जाते हैं, लड़कियों के साथ संपर्क बनाने के नए आइडिया सिखाए जाते हैं और समाज को कमजोर करने की हर संभव कोशिश की जा रही है। नशाखोरी ऐसे सिखाई जा रही है, जैसे समाज हित में कोई बहुत बड़ा कार्य किया जा रहा है।

सरकार इन सब पर वैसे ही आंखें मूंदकर बैठी है, जैसे बिल्ली को आते देख कबूतर आंखें मूंदकर बैठ जाता है। क्या सरकार के इस रवैये से आने वाला खतरा टल रहा है? क्या समाज के ऊपर, युवाओं के भविष्य के ऊपर पड़ने वाला दुष्प्रभाव असर नहीं कर रहा है? क्या सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग रही है? आखिर सरकार के जिम्मेदार अधिकारी तेजी से आ रहे इन खतरों से अनभिज्ञ बनकर क्यों बैठे हैं? सेंसर बोर्ड अब बीते जमाने की बात हो चुकी है, उसमें न तो इतना दम है और न ही उसकी इतना क्षमताएं हैं, कि इस एजेंडे को रोक सके। रूस-यूक्रेन युद्ध को डेढ़ साल बीत गया, इस्त्राइल-हमास युद्ध को कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन यूएन कुछ कर पा रहा है? कुछ नहीं! कारण यह है कि यूएन के पास इतनी ताकत नहीं है कि वो किसी युद्ध को रोक सके। ये सब काम अमेरिका, रूस, जापान, भारत, चीन जैसे शक्तिशाली देश ही कर सकते हैं। ठीक ऐसे ही सेंसर बोर्ड भी यूएन बन गया है। सेंसर बोर्ड दंतवीहीन है, उसके पास करने को अधिक कुछ है ही नहीं।

इस मामले में सरकार को सख्त कानून बनाकर एक नई संस्था बनानी होगी या सेंसर बोर्ड को और अधिक शक्तियां देकर पर्याप्त संसाधन देने होंगे कि फिल्म्स की अश्लीलता, एजेंडा, आपराधिक प्रवृत्ति वाले दृश्यों पर रोक लगा सके। ओटीटी पर आने वाली सीरीज को सेंसर कर सके। धारावाहिकों में सभ्यता-संस्कृति विरोधी कंटेंट को हटा सके। इंटरनेट की इस दुनिया में हम देख रहे हैं कि हमारी भव्य और सभ्य विरासत खोती जा रही है। परिवारों में तनाव, बच्चों में कुंठित होने की भावना, महिलाओं का बदलता मिजाज, आपसी विश्वास की कमी, बढ़ते अपराध फिल्म्स, धारावाहिक और ओटीटी की देन हैं। इस पर नियंत्रण को लेकर कई बुद्धिजीवी जन चिंता जाहिर कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक एक कदम नहीं उठाया है। आज सट्टेबाजी के इतने मोबाइल एप्प हैं कि बहुत बड़ा घोटाला हो जाता है, तब तक तो सरकार को पता ही नहीं चलता। जब तक सरकार को पता चलता है, तब तक लाखों लोग लुट चुके होते हैं। आईपीएल चल रहा है, कई सट्टेबाजी एप्प के विज्ञापन क्रिकेटर कर रहे हैं। पिछले साल के आंकड़े बताते हैं कि इन एप्स की कमाई 6800 करोड़ से अधिक थी। ऐसे में कौन नहीं चाहेगा कि इसको बढ़ाया जाए। पिछले आईपीएल में क्रिकेटर इनका विज्ञापन नहीं करते थे, इस बार ऐसा कोई क्रिकेटर नहीं है जो इनके विज्ञापन में शामिल नहीं है। इसका मतलब इस बार कमाई कई गुणा बढ़ने वाली है। पिछले साल के मुकाबले यदि 100 गुणा भी बढ़ी तो 6,80,000 करोड़ हो जाएगी, जो कोई बड़ी बात नहीं है।

सरकार को इसके लिए एक अलग से मंत्रालय का गठन करके निगरानी रखनी चाहिए और समाज से सुझाव लेने चाहिए कि क्या जो कंटेंट फिल्म, धारावाहिक और ओटीटी के द्वारा परोसा जा रहा है, उसपर नियंत्रण किया जाना चाहिए। करोड़ों लोग दुखी हैं कि जो कंटेंट परोसा जा रहा है, वो बेहद चिंतनीय है, लेकिन फिर भी सरकार आंखें मूंदकर बैठी है, जो बेहद खतरनाक है।

**–रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# सूफी संत ख्वाजा साहब की महाना छठी मनाई, दरगाह परिसर में अकीदतमंद उमड़े

## अकीदतमंदों ने मुल्क में अमन चैन, शांति, खुशहाली, भाईचारे के लिए दुआ मांगी

- **छठी की रस्म के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से आए जायरीन ने तबर्रुक पर नियाज दिलाई**

**अजमेर**, (कासं)। सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की महाना छठी बुधवार धार्मिक रीति-रिवाज के साथ अकीदत से मनाई। छठी पर्व पर संपूर्ण दरगाह परिसर अकीदतमंदों से खचाखच भरा रहा। दरगाह परिसर में फातिहाख्वानी के बाद मुल्क में अमन चैन, शांति, खुशहाली, भाईचारे के लिए दुआ मांगी और अकीदतमंदों को तबर्रुक तकसीम किया।

जानकारी के अनुसार सूफी संत हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की महाना छठी बुधवार को दरगाह परिसर में अदब व धार्मिक रीति रिवाज के साथ मनाई गई।

दरगाह के अहाता ए नूर में सुबह 9 बजे कुरान शरीफ की तिलावत से छठी का आगाज हुआ। खुद्दाम ए ख्वाजा की ओर से रस्म अदा कराई गई। शिजराख्वानी और सलातो सलाम पेश किया गया।



**ख्वाजा साहब की दरगाह परिसर में जायरीनों ने इबादत की।**

इस मौके पर अहाता ए नूर के साथ दरगाह परिसर जायरीन से खचाखच भरा हुआ था। बड़ी संख्या में महिला जायरीन भी शरीक हुए। छठी की रस्म के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से आए जायरीन ने तबर्रुक पर नियाज दिलाई। तबर्रुक पाने के लिए भी जायरीन में होड़ लगी नजर आई, इधर अंजुमन सैयदजादगान की ओर से लंगर का आयोजन किया गया।

# यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की पहल

- **रेलवे ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप में बदलाव किए**
- **अब यात्री किसी भी स्थान से बुक करवा सकेंगे जनरल टिकट**

**अजमेर**, (कासं)। रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को आसान टिकट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहल की है। रेलवे ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप में बदलाव किए हैं। अब यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुक करने की दूरी 20 किलोमीटर की सीमा को समाप्त कर दिया है। यात्री अब किसी भी स्थान से जनरल टिकट बुक करवा सकेंगे। रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को आसान टिकट सुविधा प्रदान करने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में अहम बदलाव किया है। यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से टिकट बुक करने की दूरी की सीमा को समाप्त कर दिया गया है जिसके फलस्वरूप अब जनरल टिकट किसी भी स्थान से बुक किए जा सकते हैं।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे ने साधारण श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूटीएस ऑन मोबाइल एप में बड़ा बदलाव किया है, जिसमें जनरल टिकट बुक करवाने की दूरी सीमा को समाप्त कर दिया गया है। इस सुविधा के प्रारम्भ होने के फलस्वरूप अब यात्री जनरल टिकट किसी भी स्थान से बुक करवा सकते हैं।20 किमी की दूरी को किया समाप्त:-उन्होंने बताया कि पूर्व यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से जनरल टिकट बुक करने की अधिकतम दूरी सीमा 20 किलोमीटर थी अर्थात् कोई भी यात्री स्टेशन के प्लेटफार्म से 20 किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर टिकट बुक नहीं करवा सकता था। आब दूरी सीमा को समाप्त करने से जनरल टिकट कहीं से भी ऑनलाइन बुक हो सकता है।

# बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश

- **बिजली कटौती के कारण कई ग्रामों में पेयजल संकट खड़ा हुआ**

**पावटा**, (निसं)। गर्मी के दस्तक देते ही क्षेत्र में एक सप्ताह से बार-बार ट्रीपिंग व बिजली कटौती हो रही है। इससे पड़ रही इस भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो गया है। भीषण गर्मी भरे इस मौसम में क्षेत्र में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता है।

सुरेश शर्मा, सुरेश नयाबासी, दिनेश शर्मा, मुकेश गोयल, राजेश शर्मा, बाबूलाल बहरोडिया, दौलत अग्रवाल, गिरिराज गोयल सहित लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसकी कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है। मौसम में परिवर्तन आने के बाद ही बिजली की आपूर्ति में भी परिवर्तन होने लगा है। जिसका सबसे अधिक असर छात्रों व किसानों पर पड़ रहा है। वहीं बिजली पर आधारित उद्योग धन्धे प्रभावित हो रहे हैं। एक सप्ताह से बनी अघोषित बिजली कटौती का यह आलम है कि बिजली कटौती इस प्रकार हो रही है कि मानो जैसे कोई लुकाछिपी का खेल बना रखा हो। वहीं इस कटौती के कारण कई ग्रामों में पेयजल संकट खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल की निर्भरता जलदाय विभाग की आपूर्ति पर होने के कारण इन ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड रहा है।

कनिष्ठ जलदाय अभियन्ता दयाराम चौधरी ने बताया कि बिजली की बार-बार कटौती के चलते पानी की टंकी भरने में भी परेशानी का सामना करना पड रहा है। मोटर चालू होने के बाद जैसे ही पानी टंकी तक पहुंचता है, वैसे ही बिजली गायब हो जाती है जिससे टंकियों में पानी का संग्रहण नहीं हो पाने से आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 212 प्रभात कोटा, गुरुवार 16 मई, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## सी.ए.ए. कानून के अंतर्गत पहली बार 14 आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र जारी

### सी.ए.ए. एक्ट चार साल पहले, दिसम्बर 2019 में लोकसभा में पारित हुआ था तथा दो दिन बाद राज्यसभा ने भी इस एक्ट पर अपनी मोहर लगा दी थी

-सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पर, कानून बनने के बाद भी इस एक्ट के तहत नागरिकता प्रदान नहीं की जा सकी, क्योंकि चार साल लगे इस कानून के तहत रूल्स नोटिफाइ होने में।
- सी.ए.ए. कानून के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बंगलादेश से भारत में आये, हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी व ईसाई शरणार्थियों को भारत की नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है। पर, सी.ए.ए. कानून का विरोध हुआ कई हल्कों में, क्योंकि शरणार्थियों की सूची में मुसलमानों का नाम नहीं है।
- अब 15 मई को 15 आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र देकर, गृह मंत्रालय ने इस कानून के बारे में अपना सोच पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। पर, अभी भी पूर्ण संभावना है कि, कुछ लोग, इस बात पर आपत्ति जताते हुए कि, चुनाव के बीच में नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान करके, गृह मंत्रालय ने चुनाव के लिये जारी आचार संहिता का उल्लंघन किया है, चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत लेकर जायेंगे।

नई दिल्ली, 15 मई। एक ऐसा कदम जिसे खासतौर से पश्चिम बंगाल में चल रहे आम चुनावों के परिणामों को प्रभावित करने वाला माना जा सकता है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सी.ए.ए.) के नियमों को अधिसूचित करने के दो माह बाद गृह मंत्रालय ने बुधवार को इस कानून के तहत 14 लोगों को नागरिकता प्रमाणपत्र का प्रथम सेट जारी किया। इसका चुनावों पर असर पड़ सकता है।

केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने आवेदकों को यह नागरिकता प्रमाण पत्र अत्यधिक प्रचारित समारोह में वितरित किए, इस कार्यक्रम को व्यापक रूप से मीडिया ने कवर किया।

केन्द्र सरकार ने सिटीजनशिप अमेन्डमेन्ट एक्ट (सी.ए.ए.) के नियमों को इस वर्ष 10 मार्च को अधिसूचित कर दिया था, ताकि चार साल पहले पारित विवादित कानून के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। यह बहुचर्चित कानून संसद ने दिसम्बर 2019 में पारित किया था।

"निदेशक (सैन्सस ऑपरेशन) नई दिल्ली की अध्यक्षता में एक "उच्चाधिकार प्राप्त समिति" का गठन किया गया था, जिसने आवेदन पत्रों की निर्धारित प्रक्रिया अनुरूप संवीक्षा करने के बाद 14 लोगों को नागरिकता मंजूर करने का निर्णय लिया।" गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि "तद्नुरूप उसके बाद निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र मंजूर किए हैं।"

प्रवक्ता ने कहा कि "नागरिकता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## न्यूज़ क्लिक संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ जमानत पर रिहा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 मई। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को न्यूज़ क्लिक के संस्थापक पत्रकार प्रबीर पुरकायस्थ को जमानत पर रिहा करने का आदेश जारी कर दिया तथा कोर्ट ने आतंक-विरोधी कानून के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा की गई उनकी गिरफ्तारी को अवैध घोषित कर दिया।

न्यायाधीश बी.आर. गवई व संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई में कहा कि इस

- सुप्रीम कोर्ट ने पुरकायस्थ को जमानत देते हुए दिल्ली पुलिस द्वारा एंटी टैरर लॉ के तहत उनकी गिरफ्तारी को गैर कानूनी करार दिया। गौरतलब है कि, पुरकायस्थ 7 महीने से जेल में हैं।

केस के सम्बन्ध रिमांड की कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई थी इसके फलस्वरूप उनकी गिरफ्तारी शून्य हो जाती है।

न्यायाधीश मेहता ने अपने निर्णय में कहा कि कोर्ट को इस मामले में कोई संदेह नहीं कि गिरफ्तारी के कोई आधार उपलब्ध नहीं कराए गए थे जो गिरफ्तारी को प्रभावित करते हैं। पंकज बंसल के केस के बाद अपीलार्थी गिरफ्तारी से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नागरिकता प्रमाण पत्र जारी होने से ममता बनर्जी की स्थिति अटपटी हुई

### बंगलादेश से भारत आये 50 लाख मतुआ समुदाय के लोगों के लिये भारत की नागरिकता प्रदान करने की मांग देश के विभाजन के समय से चल रही है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- ममता बनर्जी जब तक विपक्ष में थीं, वे मतुआ समुदाय को नागरिकता प्रदान करने के पक्ष में पुरज़ोर तरीके से थीं। पर, सत्ता में आने के बाद से वे मतुआ समाज की इस मांग के सख्त खिलाफ हो गयी थीं। यहां तक कि, उन्होंने सार्वजनिक मंच से भाषण भी दिये कि, वे सी.ए.ए. कानून को लागू करने का पूरा विरोध करेंगी, बंगाल में ही नहीं, पूरे देश में।
- ममता जी की पार्टी ने यहां तक भी प्रचार किया कि, जैसे ही इस समुदाय के लोग नागरिकता प्रमाण पत्र के लिये आवेदन करेंगे, उनका स्टेटस विदेशी का हो जायेगा तथा भारत में मिल रही सभी सुविधाओं से वो वंचित हो जायेंगे।
- पर, तृणमूल कांग्रेस द्वारा फैलाया गया प्रचार, 14 नागरिकता प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अपने आप मिथ्या साबित हो गया।

नई दिल्ली, 15 मई। केन्द्रीय गृह मंत्री ने, बंगाल के कुछ सीमा क्षेत्रों में, जहाँ बड़ी संख्या में मतुआ समुदाय के लोग रहते हैं, पाकिस्तान व बांगलादेश से आए चौदह प्रवासियों को नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किए हैं।

मतुआ समुदाय के लोग बांगलादेश से भारत आए तथा अधिकाधिक नागरिकता दस्तावेज नहीं होने के कारण इन्होंने तरह-तरह की समस्याओं का सामना किया। वर्षों से इनके लिए नागरिकता प्राप्त करना एक दुःखदायी मुद्दा रहा है।

सिटिज़नशिप अमेन्डमैंट एक्ट (सी.ए.ए.) इनकी शिकायतों को संबोधित करने के लिए है और मतुआ समुदाय लंबे समय से ऐसे कानून की मांग कर रहा है। सी.ए.ए. की घोषणा का मतुआ समुदाय ने भारी स्वागत किया था।

हालांकि, जब ममता बनर्जी सत्ता में नहीं थीं तब उन्होंने भी इस आइडिया का स्वागत किया था, लेकिन, बाद में सत्ता में आने पर इस कानून का विरोध करने लगीं। वास्तव में तो उन्होंने बहुत जोर-शोर से दावा किया था कि, देश भर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'मुझे अपने चाचा ( नीतीश कुमार ) का पूरा समर्थन प्राप्त है'

### तेजस्वी यादव ने एन.डी.ए. में अंदर ही अंदर फूट व अविश्वास फैलाने का पूरा प्रयास किया, मधुबनी की आमसभा में उपरोक्त उद्घोष करके

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जैसा कि विदित ही है, भाजपा के लिए (एन.डी.ए. के लिये) पिछले चुनाव का नतीजा दोहराना काफी महत्व रखता है। पिछले चुनाव में एन.डी.ए. को बिहार की 40 सीटों में से 39 सीटें जीतने में सफलता मिली।
- इस बार चुनाव में "कमजोर कड़ी" है, नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू), जो 16 सीटों पर चुनावी समझौते के कारण, चुनाव लड़ रही है, पर बार-बार पार्टी बदलने के रिकॉर्ड के कारण नीतीश खुद तो कमजोर हुए ही हैं तथा एन.डी.ए. के लिए भी कमजोर कड़ी बन गए हैं। इन सीटों को हाथ से निकलने से रोकने के लिये भाजपा पूरी कोशिश कर रही है।
- इसीलिये तेजस्वी कुमार, एन.डी.ए. की इस कमजोर कड़ी पर वार कर रहे हैं।

नई दिल्ली, 15 मई। बिहार में बचे हुए तीन चरणों के मतदान के पहले, भाजपा गठबंधन सहयोगी, जद यू को बदनाम करने और भ्रम फैलाने के लिए, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि, उनको "भाजपा को सत्ता से बेदखल करने" के लिए चलायी जा रही महागठबंधन की मुहिम के लिए, "चाचा नीतीश कुमार का पूरा समर्थन प्राप्त है।" तेजस्वी ने मधुबनी में हाल में आयोजित एक रैली में कहा, "भाजपा ने भले ही चाचा को हाइजैक कर लिया हो, लेकिन उन्होंने मुझे उन लोगों को सत्ता से बाहर करने का महत्व समझा दिया है, जो वर्ष 2014 में सत्ता में आए थे। उनके मन में अभी भी यह विचार है।"

लोकसभा में 400 का आंकड़ा पार करने की भाजपा की महत्वकांक्षाओं के लिए बिहार एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि, माना जा रहा है कि नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) द्वारा वर्ष 2019 का प्रदर्शन दोहराने की संभावना नहीं है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चारधाम यात्रा मार्ग में 45 कि.मी. लम्बा जाम लगा

गंगोत्री, 15 मई। चारधाम यात्रा मार्ग में बुधवार को 45 किलोमीटर लम्बा जाम लगा गया, प्रशासन ने बताया कि, यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि बिना रजिस्ट्रेशन के ही बड़ी संख्या में यात्री पहुंच गए। बुधवार से प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। व्यवस्था सुधारने के लिए सचिव स्तर के अधिकारी पहुंचे हैं। अब तक 2 लाख 76 हजार 416

- बिना रजिस्ट्रेशन के ही भारी संख्या में यात्री उत्तरकाशी-गंगोत्री के दर्शन करने पहुँच गये, जिससे यहां स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। व्यवस्था बनाने के लिए चारधाम यात्रा को दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। उत्तरकाशी- गंगोत्री मार्ग पर पर सोमवार को गंगनानी के पास 45 किलोमीटर लंबा जाम लगा था जिसे रात तक खुलवा दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सीरियल "रेपिस्ट" प्रज्वल रैवन्ना के वापस आने की संभावना से काफी चौकसी रही बैंगलुरू हवाई अड्डे पर

### भाजपा ने मौके का फायदा उठाते हुए मांग उठायी कि, प्रज्वल बलात्कार से जुड़े इस पूरे प्रकरण की जांच सी.बी.आई. से करायी जाये, क्योंकि राज्य की पुलिस पर स्थानीय दबाव बहुत है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- राज्य सरकार ने यह मांग स्वीकार नहीं की, क्योंकि सी.बी.आई. तो केन्द्रीय गृह मंत्री शाह के आदेशों की अवहेलना नहीं कर पायेगी तथा इससे मामला रफा-दफा करवाने की संभावना बढ़ जाती है।

नई दिल्ली, 15 मई। बुधवार को पूरा दिन प्रज्वल रैवन्ना की वापसी की खबरों के बीच राज्य भर में उत्तेजना व रोमान्च का माहौल बना रहा। प्रज्वल, कथित सीरियल रेपिस्ट है, जिसने महिलाओं का यौन शोषण करते समय अपने कृत्य की वीडियोग्राफी की थी और जिसके 3000 से ज्यादा वीडियो टेप पूरे कर्नाटक में वायरल हैं।

स्पैशल इन्वैस्टिगेशन टीम ने बैंगलोर एयरपोर्ट को घेर लिया क्योंकि स्थानीय टी.वी. चैनलों पर सुबह से प्रज्वल का बुधवार को म्युनिख से बैंगलोर का टिकट वायरल हो रहा था।

राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने हालांकि इस बात से इन्कार किया कि उन्हें इस कथित यौन हमलावर की ट्रैवल योजना की कोई सूचना है उन्होंने कहा कि केस की जाँच व निगरानी एस.आई.टी. कर रही है।

भाजपा के विभिन्न नेताओं द्वारा लगातार की जा रही इस मांग कि प्रज्वल का केस सी.बी.आई. जाँच के योग्य है, पर गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि एस.आई.टी. एक सक्षम निकाय है और वह इस प्रकरण की पेशेवर जाँच कर रहा है। वास्तव में, मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने भाजपा नेताओं की इस मांग को खारिज कर दिया था कि यह केस सी.बी.आई. के सुपुर्द कर दिया जाना चाहिए। संयोग से, कर्नाटक सरकार ने यौन उत्पीड़न के कथित आरोपी को जर्मनी से भारत लाने की केन्द्र सरकार से मांग की थी। बताया जाता है कि प्रज्वल भागकर जर्मनी चला गया था।

राजनीतिक विश्लेषकों को केस की सी.बी.आई. जाँच कराने की भाजपा की मांग में चालाकी नज़र आती है क्योंकि सी.बी.आई. यदि इसकी जाँच । काम अपने हाथ में लेती है तो राज्य सरकार के हाथ से यह पूरा केस ही निकल जाएगा। भाजपा इस मुद्दे पर इसीलिए हो-हल्ला मचा रही है क्योंकि यह प्रकरण कर्नाटक व अन्य जगहों पर भाजपा और जद (एस) को पहले ही नुकसान पहुंचा चुका है।

चूंकि, वोटिंग के अभी तीन चरण और लम्बित है, इसलिए भाजपा प्रज्वल केस की जाँच पड़ताल और उससे जुड़ी कहानियों पर नियंत्रण करने को दृढ़ प्रतिज्ञ मालूम पड़ती है क्योंकि जद (एस) के नेता और प्रज्वल रैवन्ना के परिजनों ने सर्कूलेट हो रह वीडियोज़ की प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं और किसी राजनीतिक षड़यंत्र का संदेह व्यक्त किया है।

लेकिन, हासन के सांसद प्रज्वल रैवन्ना के पिता एच.डी. रैवन्ना ने अपने पुत्र की संभावित वपसी को लेकर समूची कर्नाटक सरकार और उसकी पुलिस को पशोपेश में डाला हुआ है। एच.डी. रैवन्ना को अपहरण के एक केस में गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बीकानेर में सात-आठ हजार के अंतर से ही जीत पाएगी भाजपा

### जबकि चुनाव शुरू होते समय बीकानेर को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट माना जा रहा था

- बीकानेर से भाजपा के टिकट पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मैदान में हैं, और कांग्रेस ने भी यहां से एस.सी. समाज के कद्दावर नेता गोविंदराम मेघवाल को टिकट दिया है।
- बीकानेर लोकसभा सीट में आठ विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें कांग्रेस को ग्रामीण क्षेत्र तथा किसान आंदोलन से प्रभावित क्षेत्र अनूपगढ़, खाजूवाला, श्रीडूंगरगढ़ व लूणकरणसर से अच्छी बढ़त मिल सकती है। भाजपा को बीकानेर पूर्व तथा पश्चिम तथा शहरी व कस्बाई क्षेत्र से बढ़त मिलेगी।
- बीकानेर में भाजपा को अपने परम्परागत राजपूत वोट बैंक की नाराजगी का खामियाजा उठाना पड़ रहा है। राजपूत समाज भारी उपेक्षा और गुजरात के भाजपा नेता पुरूषोत्तम रूपाला की क्षत्रिय समाज पर की गई टिप्पणी से बेहद नाराज़ है। इसलिए राजपूत बहुल क्षेत्रों में मतदान भी कम हुआ।
- चुनाव प्रचार की शुरूआत में भाजपायी खेमे में जो उत्साह था व चुनाव खत्म होते-होते कमज़ोर पड़ गया। हालांकि भाजपा नेता शानदार बढ़त की बात कर रहे हैं, पर भीतर ही भीतर उन्हें भी स्वतंत्र विश्लेषकों के आकलन पर भरोसा है कि, जीत के अंतर में भारी कमी आएगी।

बीकानेर, 15 मई (कासं)। बीकानेर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान के बाद से कांग्रेस व भाजपा अपने-अपने दावे कर रही हैं, लेकिन राजनीतिक गलियारों का आंकलन है कि जिस बीकानेर लोकसभा क्षेत्र को भाजपा सबसे अधिक सुरक्षित मानकर चल रही थी, वहां मतदान के बाद लग रहा है कि अपेक्षित बढ़त शायद ही मिले।

बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को चौथी बार मैदान में उतारा। जबकि कांग्रेस ने एस.सी. समुदाय में पैठ रखने वाले गोविन्दराम मेघवाल को टिकट दिया है। चुनाव प्रचार शुरू होते ही भाजपा ने गोविन्दराम मेघवाल पर हमला बोला और उनकी आपराधिक छवि को मुद्दा बनाया। लेकिन यह नीति ज्यादा कारगर नहीं दिखाई दी।

बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें हैं। और मतदान के बाद की स्थिति को देख राजनैतिक गलियारों में यही चर्चा है कि भाजपा जिस बड़ी बढ़त से जीत की उम्मीद कर रही थी। वह मतदान के बाद कम होती दिख रही है। बीकानेर पूर्व व बीकानेर पश्चिम विधानसभा सीट सहित नोखा, श्रीडूंगरगढ़, कोलायत, देशनोक आदि कस्बाई क्षेत्रों में भाजपा अच्छी बढ़त ले सकती है। लेकिन किसान बहुल अनूपगढ़, खाजूवाला, श्रीडूंगरगढ़ व लूणकरनसर सहित बीकानेर देहात क्षेत्र में कांग्रेस को भी अच्छा जनसमर्थन मिलने की संभावना हैं।

चुनाव में कांग्रेस के लिए राहुल गांधी ने अनूपगढ़ में और भाजपा के लिए कोलायत में राजनाथ सिंह ने सभा की थी। इसके अलावा दोनों दलों की ओर से बड़े नेताओं का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ।

भाजपा ने चुनाव में मूल ओ.बी.सी., राजपूत, ब्राह्मण व वैश्य मतों पर अधिक ध्यान दिया। जबकि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति, मुस्लिम व जाटों सहित अपने परम्परागत मतों के भरोसे चुनाव अभियान चलाया। मतदान के बाद जो तस्वीर उभरकर आई उससे यह सामने आया कि भाजपा के पक्ष में मूल ओ.बी.सी., ब्राह्मण आदि की वोटिंग ज्यादा हुई, पर इस बार राजपूतों ने कम मतदान किया। राजपूतों के कम मतदान के लिए कई कारण बताए जा रहे हैं, जैसे क्षत्रिय समाज की उपेक्षा, गुजरात के भाजपा नेता की क्षत्रिय समाज पर की गई टिप्पणी आदि। और कोलायत में रक्षा मंत्री राजनाथ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

सामान्य तौर पर किसी चुनाव में मतदान के बाद, कौन जीतेगा, कौन हारेगा का आकलन लगाना बंद हो जाता है, क्योंकि ऐसा मान लिया जाता है कि, उम्मीदवारों का भविष्य तो ई.वी.एम. मशीनों में बंद हो गया, किसी तरह की आकलनबाजी व्यर्थ है, तथा समय की बर्बादी ही है। पर, हमारे संवाददातों का कहना है कि, चुनाव को समझने का, हार-जीत की संभावनाओं, वोटिंग के ट्रैंड के बारे में चर्चा करने का यही समय है। क्योंकि, पार्टियों के कार्यकर्ता भी पोलिंग बूथ में अपनी ड्यूटी पूरी करके "रिलैक्स्ड" मूड में आ गये होते हैं, तथा अब कुछ गहरायी से, कुछ शांति से, उन्होंने पोलिंग स्टेशन पर जो देखा व महसूस किया, वो बताने को तैयार हैं। लगभग ऐसी ही स्थिति पार्टियों के नेता, उम्मीदवारों के समर्थकों की होती है। मतदान के पूर्व वह शुभ-शुभ के अलावा कुछ बोलना नहीं चाहते थे, क्योंकि उनके कुछ कहने से, उनके शब्दों व वाक्यों को तोड़-मोड़ कर पेश करके कुछ वोट काटे जा सकते थे। पर, जब मतदान ही हो गया तो वोट को हानि पहुंचाने की यह संभावना भी खत्म हो गयी है। अतः अब ये लोग भी अपना सही आकलन देने में नहीं हिचकिचाते।

अतः अब इन लोगों से बात करके हमारे संवाददाता सीट के बारे में अपना आकलन पुनः गहरायी से पेश करना चाह रहे हैं। उसी श्रृंखला में चौथी कड़ी हम प्रस्तुत कर रहे हैं।

# हिंदुस्तान कॉपर प्रोजेक्ट की कोलिहान खेतड़ी खदान हादसे में एक अधिकारी की मौत

## कोलिहान खदान में लिफ्ट की चेन टूटने से 1875 फीट नीचे फंसे थे अधिकारी-कर्मचारी

**खेतड़ी,** (निसं)। मंगलवार रात को हिंदुस्तान कॉपर प्रोजेक्ट की कोलिहान खदान में लिफ्ट की चेन टूटने से बड़ा हादसा हो गया। जिसके बाद 16 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद खदान में फंसे15 अफसरों में से 14 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेन्द्र पांडे की मौत हो गई। उनके शव को भी रिकवर कर लिया गया है। बुधवार सुबह से चार राउंड में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। बचाए गए अफसरों में से 7 घायलों को जयपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार हादसा नीमकाथाना जिले के खेतड़ी की खदान में मंगलवार रात को हुआ। खदान में 1875 फीट की गहराई में लिफ्ट की चेन टूट गई थी जिसमें 15 अधिकारी-कर्मचारी फंस गए थे। मंगलवार की शाम को केसीसी चीफ समेत विजिलेंस की टीम माइंस में नीचे उतरी थी रात करीब 8 बजे माइंस से निकलते समय हादसा हो गया। लिफ्ट में कोलकाता से आई विजलेंस की टीम और खेतड़ी कॉपर कॉर्पोरेशन के बड़े अधिकारी थे।

सूत्रों की मानें तो एक माह पूर्व ही लिफ्ट की चैन को बदला गया था और उसकी जगह नयी चैन लगाई गई थी साथ ही यह भी पता लगा है जिस टोमा में यह हादसा हुआ वह सोमवार की शाम को भी खराब हो गया था और मंगलवार को सुबह ही ठीक किया गया था और मंगलवार शाम को यह हादसा हो गया। सूचना पर आसपास की 18 एंबुलेंस व डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची वहीं खेतड़ी क्षेत्र व आस-पास के थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंची व एस.डी.आर.एफ. की टीम भी मौके पर पहुंचकर खदान में फंसे व्यक्तियों को बचाने में लग गई। खदान में जीडी गुप्ता इकाई प्रमुख केसीसी, उपेंद्र पांडे मुख्य सतर्कता अधिकारी दिल्ली, एके शर्मा उपमहाप्रबंधक खदान एवं कोलिहान खदान, विनोद सिंह शेखावत वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत, एके बैरा सहायक उप महाप्रबंधक, मैकेनिकल अर्णव भंडारी मुख्य प्रबंधक खदान, यशोराज मीणा सहायक उपमहाप्रबंधक, वनेंदु भंडारी सहायक उप महाप्रबंधक विजिलेंस, विकास पारीक फोटोग्राफर, निरंजन साहू वरिष्ठ प्रबंधक रिसर्च, करण सिंह गहलोत सुरक्षा अधिकारी, रमेश नारायण सिंह वरिष्ठ प्रबंधक खदान, प्रीतम सिंह, प्रबंधक हरसीराम, भागीरथ फंस गये थे।



भीलवाड़ा से आई हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की रेस्क्यू टीम, खेतड़ी माइंस की रैपिड रेस्पॉन्स टीम और एसडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन को सफल बनाया

- 16 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद 14 अफसरों को बाहर निकाला, घायलों को उपचार के लिए भेजा जयपुर, चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेन्द्र पांडे की मौत हो गई
- सूत्रों की मानें तो एक माह पूर्व ही लिफ्ट की चैन को बदला गया था और उसकी जगह नयी चैन लगाई गई थी साथ ही यह भी पता लगा है जिस टोमा में यह हादसा हुआ वह सोमवार की शाम को भी खराब हो गया था

खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर हरियाणा के भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए गए हुए थे जैसे ही हादसे की खबर लगी वे अपने परिवार सहित मौका स्थल पर पहुंचे और अधिकारियों से स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश के साथ कहा किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होने पर उन्हें तुरन्त अवगत करवाने को कहा।

स्थानीय विधायक धर्मपाल गुर्जर ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि, मामले को लेकर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड प्रशासन ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत नहीं करवाया गया। विधायक ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड प्रबंध ने इसकी समय पर सूचना पुलिस, प्रशासन व विधायक को भी देना उचित नहीं समझा। उन्होंने उपखंड अधिकारी से इस मामले की गहनता से जांच करने की बात कही।

इस दौरान नीमकाथाना जिला कलेक्टर शरद मेहरा, जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार नायक, खेतडी उपखण्ड अधिकारी सविता शर्मा, तहसीलदार नीलम राज, उप पुलिस अधीक्षक जुल्फीकार, सीआई भंवरलाल कुमावत, बबाई थानाधिकारी सरदारमल यादव, मेहाडा थानाधिकारी राजवीर सिंह, खेतड़ी पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गजेन्द्र जलंद्रा, भाजपा जिला महिला मोर्चा की महामंत्री पूनम गुर्जर, पार्षद राहुल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# मंदबुद्धि महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी को कोर्ट में पेश किया, रिमांड पर लेकर पूछताछ की



पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

**अजमेर,** (कासं)। गंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक मंदबुद्धि महिला से रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ पर जुटी है, आरोपी पीड़िता को बाइक पर अपने घर ले गया और वहां उसके साथ रेप की वारदात अंजाम दी।

गंज थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि मामले में दरगाह पुलिस उपाधीक्षक लक्ष्मण राम के द्वारा जांच की जा रही थी, जिनके द्वारा जांच कर मामले में आरोपी रूपसिंह को गिरफ्तार किया गया है, जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा। गंज थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से कमजोर महिला से दुष्कर्म की वारदात सामने आई थी।

पीड़िता मां की ओर से थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया था। शिकायत में बताया कि मंगलवार को दोपहर के समय उनकी बेटी बिना बताए घर से चली गई। पूरे परिवार द्वारा उसकी तलाश की गई। पीड़िता की मां ने बताया कि जब वह वापस घर पहुंची तो बेटी घर के बाहर बैठी हुई मिली। बेटी ने उन्हें रोते हुए बताया कि रूप सिंह नाम का व्यक्ति उसे बाइक पर बैठकर अपने घर ले गया और उसके साथ रेप किया। बाद में उसे वापस बाइक पर घर छोड़ दिया।

# दो हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

## राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण की एवज में तीन हजार की रिश्वत मांगी थी

**अजमेर/अंराई,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अजमेर इकाई टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए दो हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पटवारी को गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम पटवारी से पूछताछ में जुटी है। पटवारी ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धीकरण की एवज में घूस मांगी थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल यूनिट अजमेर इकाई की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पटवार मंडल गागुंदा तहसील अरांई जिला अजमेर के पटवारी सरदार सिंह को परिवादी से दो हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक पुलिस डॉ. मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि राजस्व रिकार्ड में नाम शुद्धीकरण की एवज में आरोपी सरदार सिंह पटवारी पटवार मण्डल गागुन्दा तहसील अरांई द्वारा तीन हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।



रिश्वतखोर पटवारी।

जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट अजमेर इकाई के उपअधीक्षक पुलिस राकेश कुमार वर्मा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी सरदार सिंह पटवारी को परिवादी से दो हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से एक हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल किए थे। एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## खान मालिक सहित श्रमिकों पर हमला

**मकराना,** (निसं)। खान मालिक सहित खनन श्रमिकों पर हमला करने का एक मामला पुलिस थाना मकराना में दर्ज हुआ है। थाना मकराना से मिली जानकारी के अनुसार इमाम चौक गौड़ाबास निवासी मईनुदीन पुत्र हाजी जुम्मा गैसावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि माईनिंग एरिया में खान संख्या 35 चक डूगरी रेंज मकराना का लाइसेंस जुम्मादीन मोहम्मद एंड संस मकराना के नाम से है। जिसमें 1/7 वां हिस्से का मईनुद्दीन भी भागीदार है और वह अपने हिस्से में अलग से खनन कार्य चला रहा है। साथ ही अन्य सभी भागीदारां का अलग पाये पर खनन कार्य चला आ रहा है।

करीब सुबह 11.45 बजे वह अपने पाये पर खनन कार्य करा रहा था व मजदूर ठेकेदार काम कर रहे थे। वहीं मार्बल खरीदने के लिये धारा सिंह, लोकेश इनाणियां आदि भी खदान पर मौजूद थे। अचानक खान पर बिना नम्बर की एक स्कॉर्पियो व दो केम्पर गाड़ियों में सवार होकर आरोपी खुर्शीद गैसावत, शाहिद गैसावत (नन्नू), कानसिंह, मोहम्मद अफजल व 12-13 अन्य लोग हाथों में लाठियां, सरिया, चाकू लेकर आये। खान पर आने के साथ ही आरोपियों ने गाली गलौच करते हुये जान से मारने के इरादे से हमला कर दिया। वहीं धारा सिंह, लोकेश इत्यादि पर भी गाड़ी चढ़ाकर मारना चाहा। खुर्शीद के हाथ में चाकू था जिससे लोकेश पर जानलेवा हमला किया, जिसकी वजह से लोकेश के हाथ पर चोट आई।

# पुलिस व बदमाश में मुठभेड़ हुई, बदमाश की जांघ में लगी गोली

## मुठभेड़ के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने इनामी बदमाश को दबोचा

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद 55 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में बदमाश की जांघ में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है। आरोपी बदमाश राजवीर उर्फ रज्जो उम्र 35 वर्ष पुत्र दीमान सिंह गुर्जर निवासी छिंग्गा का अड्डा, अतिराज का पुरा थाना कंचनपुर बाड़ी धौलपुर हत्या के मामले में फरार चल रहा था। इसके खिलाफ अवैध हथियार, हत्या, नकबजनी और हत्या का प्रयास जैसे करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि जिला पुलिस धौलपुर की स्पेशल टीम के कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह व कांस्टेबल अशोक कुमार को 14 मई को सूचना मिली कि जिला धौलपुर का ईनामी बदमाश राजवीर उर्फ रज्जो बैठा हुआ है, जिसके पास अवैध देशी कट्टा व काफी कारतूस है। इस सूचना पर जिला पुलिस की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह, कुलदीप सिह, नरेश कुमार, चन्द्रभान सिह, शिशुपाल व अशोक कुमार को बसेड़ी



पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

- बदमाश ने पुलिस टीम पर सात राउंड फायर किये, जिससे दो कांस्टेबल बाल-बाल बच गए

इलाके की पिपरौन की पुलिया कॉलेज के पास भेजा गया, जहां निगरानी की गई, तभी मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये की एक मोटरसाइकिल गढ़ी बाजना की तरफ से आई। जिसको रोकने का ईशारा किया तो मोटरसाइकिल चालक ने मोटरसाइकिल को तेज स्पीड में भगा दिया, जिसका पीछा किया, तभी पिपरौन पुलिया पर तैनात कांस्टेबल रुपेन्द्र सिहं व अशोक कुमार ने उसे रुकवाना चाहा तो चालक से मोटरसाइकिल अनबैलेन्स होकर गिर गई तथा उस पर बैठे व्यक्ति भागने लगे। उनमें राजवीर उर्फ रज्जो था, जो बांई तरफ खाली खेतों की तरफ भागा और अन्य दोनों व्यक्ति पिपरोन की तरफ भागे। पुलिस ने बदमाश रज्जो का पीछा किया तो रज्जो ने कांस्टेबल रुपेन्द्र सिहं व कांस्टेबल अशोक कुमार पर जान से मारने की नियत से 7 राउंड फायर किये। जिससे दोनों कांस्टेबल बाल-बाल बच गए व गोली सिर के बगल से निकल गई।

जबाब में कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह व अशोक कुमार ने भी अदम्य साहस का परिचय देते हुये अपनी एके 47 से 5 राउण्ड फायर किये, जिनमें से एक गोली बदमाश रज्जो के बांये पैर की जांघ में लगी, जो घायल होकर वहीं गिर पड़ा, जिस पर पुलिस ने बदमाश को दबोच लिया, जिसकी तलाशी ली गई तो उसके दाहिने हाथ में एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर लोडेड मिला, जिसे अनलोड किया गया तो उसमें खाली कारतूस चला हुआ मिला एवं कमर में कॉफी कलर की एक कारतूसों की पेटी बंधी मिली। जिसको चैक करने पर उसमें 11 कारतूस 315 बोर जिन्दा पाये गये, जिनको मौके पर जब्त कर लिया गया। वहीं घायल हुए बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया।

एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए बदमाश राजवीर उर्फ रज्जो पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर की तरफ से 25 हजार रुपये, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आगरा की ओर से 20 हजार रुपये तथा एसपी भरतपुर की ओर से 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित है।

## मार्बल व्यापारी पर हमला

**मकराना,** (निसं)। चक डूंगरी रेंज की एक खदान पर पत्थर नापने गए मार्बल व्यापारी पर हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। व्यापारी को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सूचना पर हैड कांस्टेबल राजकुमारी मीणा ने घायल के बयान कलमबद्ध किये।

इस संबंध में खुर्शीद अहमद पुत्र रहमत अली निवासी ईदगाह रोड जामा मस्जिद ने पुलिस को बताया कि खनन क्षेत्र चक डूंगरी रेंज में खान संख्या 35 के लाईसेंसी अब्दुल खालिक पुत्र जुम्मा गैसावत ने 7 सितंबर 2017 को इकरारनामा कर 24 लाख 50 हजार पत्थर देने की एवज में लिए थे। दोपहर करीब 12 बजे प्रार्थी खान पर पत्थर नापने गया तो वहां पर महेन्द्र माली व 4-5 अन्य लोगों को बैठा रखा था। प्रार्थी ने खान मालिक अब्दुल खालिक को बुलाया तो महेन्द्र माली ने कहा कि यहां का मालिक मैं ही हूं। यहां से चलते बनो, वरना दोनों भाईयों को घर जाने के लिए रास्ता नहीं मिलेगा। इसके बाद महेन्द्र से तू-तू, मैं-मैं हुई, इतने में 4-5 अन्य लोग लाठी सरिये से प्रार्थी पर हमला कर दिया और धमकी दी कि दुबारा खान पर आये तो दोनों भाईयों को जान से मार देंगे। इस दौरान प्रार्थी के दाहिने पैर पर आरोपी महेंद्र ने लोहे के सरिया से वार किया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। हैड कांस्टेबल राजकुमारी मीणा ने बताया कि मारपीट के मामले में प्रार्थी ने रिपोर्ट दी है।

# 200 टन सेंडस्टोन सहित पांच वाहन जब्त, दो जने हिरासत में



बिजौलियां में बड़े पैमाने पर चल रहे सेंडस्टोन के अवैध खनन की खदान से वाहन जब्त किए।

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के बिजौलियां में बड़े पैमाने पर चल रहे सेंडस्टोन के अवैध खनन पर खनिज और राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया और मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त पांच वाहन और 200 टन सेंडस्टोन को जब्त किया है।

बिजौलियां तहसीलदार इमरान खान ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर अवैध खनन रोकथाम अभियान के तहत संकलित सूचना के आधार ओर खनिज विभाग फोरमैन गिरिराज मीना, गिरदावर चन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ केरखेड़ा पहुंचे, जहाँ एक खातेदारी भूमि आराजी नम्बर 669/220 में खारिज हुई खदान में बड़े पैमाने पर सेंडस्टोन का अवैध खनन किया जा रहा था। पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर अवैध खनन में प्रयुक्त एक लोडर (क्रेन), एक ट्रैक्टर कम्प्रेशर, एक डम्पर और दो मोटरसाइकिल सहित 200 टन सेंडस्टोन को जब्त किया गया।

खनिज विभाग के फोरमैन ने बताया कि सलावटीया निवासी कालू पिता जगदीश चन्द्र गुर्जर व अविनाश के खिलाफ पंचनामा बनाकर 6 लाख राशि की पैनल्टी वसूली की कार्रवाई की जा रही हैं। खातेदारी भूमि फोरुलाल मेघवंशी की बताई जा रही हैं। इस मामले में खातेदारी निरस्त करने के लिए उपखण्ड अधिकारी के यहां अनुशंषा की जा रही है। मौके से पुलिस ने अविनाश ओर कालू को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

# विद्युत ट्रांसफॉर्मर उतारने गई बिजली निगम की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव किया

## टीम के साथ मौजूद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ ग्रामीणों को तितर-बितर किया

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र के गांव सिजरौली में विद्युत ट्रांसफॉर्मर को जब्त करने गई बिजली निगम की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। निगम की टीम के साथ मौजूद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर ग्रामीणों को तितर-बितर किया। जिसके बाद विद्युत निगम ने पुलिस के सहयोग से एक दर्जन से अधिक ट्रांसफॉर्मर को जब्त किया है। विद्युत निगम की 2 करोड़ से अधिक की राशि ग्रामीणों पर बकाया चली आ रही थी।

विद्युत निगम के एईएन अनुराग मित्तल ने बताया कि मनियां क्षेत्र के बड़ागांव और सिजरौली में ग्रामिणों पर विद्युत निगम की दो करोड़ से अधिक की राशि बकाया चली आ रही थी। विगत 4 साल से विद्युत निगम के अधिकारी राशि को वसूलने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों द्वारा निगम की राशि को जमा नहीं कराया जा रहा था। विद्युत निगम द्वारा ग्रामीणों को नोटिस जारी कर हिदायत भी दी गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने राशि को जमा नहीं कराया।



धौलपुर के मनियां थाना के सिजरौली में बिजली निगम की टीम ट्रांसफॉर्मर जब्त करने पहुंची।

- विद्युत निगम की दो करोड़ से अधिक की राशि ग्रामीणों पर बकाया चली आ रही थी : एईएन

उन्होंने बताया कि बुधवार को बड़ागांव में कार्रवाई करने के बाद टीम जैसे ही सिजरौली गांव में पहुंची तो ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। एईएन अनुराग मित्तल ने बताया कि डिफॉल्टर उपभोक्ताओं में घरेलू एवं खेती के उपभोक्ता भी शामिल हैं। बुधवार को सैंपऊ सीओ आनंद कुमार राव और मनियां सीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में डिस्कॉम के आला अधिकारियों को साथ लेकर कार्रवाई को अंजाम दिया है। कार्रवाई के दौरान डिस्कॉम एवं पुलिस ने एक दर्जन से अधिक बिजली के ट्रांसफॉर्मर को जब्त किया है।

## सार-समाचार

### कोटा सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था

**कोटा,** (निसं)। गर्मी के मौसम में यात्रियों को यात्रा के दौरान भीषण गर्मी से बचाव हेतु अतिरिक्त पीने का पानी कोटा सहित प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। एनजीओ/स्वयंसेवी संस्था द्वारा मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों कोटा, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, चौमहला, विक्रमगढ़ आलोट, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, सुवासरा, डकनिया तलाव, छबरा गुगोर, शामगढ़ एवं निमोदा में शीतल पानी पिलाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में कुल 15 एनजीओ/स्वयंसेवी संस्था एवं 232 स्वयंसेवक सेवाभाव से यात्रियों को पानी पिलाने का कार्य कर रहे है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायिक मानवाधिकार आयोग शाखा कोटा कि महिला विंग जिला अध्यक्ष कीर्ति टंडन जी के नेतृत्व में सदस्या कविता मीणा, जया टंडन, विदिशा गुप्ता, सपना शर्मा आदि ने कोटा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेलवे यात्रियों को गाड़ी संख्या 12465 रणथम्भौर एवं गाड़ी संख्या 19037 अवध एक्सप्रेस के आगमन पर स्टेशन डायरेक्टर पीएल मीणा के अनुमोदन मे ठंडा शर्बत/पानी का वितरण किया गया। इस कार्य में स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जा रहा है जिससे यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल प्राप्त हो सके। इस सन्दर्भ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी, कोटा ने बताया कि कोटा मंडल यात्री सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है और यह प्रयास यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने हेतु एक अभीष्ट कदम है।

### गिरीश एवं स्नेहलता को शोध उपाधि

**कोटा,** (निसं)। गिरीश कुमार व्यास को डॉ.केएन मोदी यूनिवर्सिटी निवाई जयपुर ने शोध उपाधि प्रदान की है। गिरीश ने अपना शोध कार्य प्रो.डॉ.राजीव कुक्कड़ के निर्देशन में फार्मास्यूटिकल साइंसेज विषय में पूरा किया। व्यास का टॉपिक ''डवलपमेंट ऑफ हरबल फार्मूलेशन कन्टेनिंग सूटेबल सॉल्वेंट एक्स्ट्रेक्ट ऑफ इयूकलप्टस एण्ड कुरकुमा फॉर वुंड हीलिंग एक्टिविटी था। झालावाड़ निवासी गिरीश वर्तमान में कॅरियर पाइंट यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है। वहीं विश्वविद्यालय कोटा द्वारा स्नेहलता शर्मा को समाजशास्त्र विषय में शोध उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य ''कैंसर रोग से ग्रसित महिलाएं एवं प्रभावकारी उपचारों का स्वास्थ्य कार्यक्रम एन.पी.सी.डी.सी.एस. के संदर्भ में एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (कोटा शहर के महाराव भीमसिंह अस्पताल एवं सुधा जनरल कैंसर अस्पताल के विशेष सन्दर्भ में)'' विषय पर अपना शोध कार्य, पर्यवेक्षक, डॉ. जयश्री राठौर (आचार्य), समाजशास्त्र, राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा (राज.) के निर्देशन व मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

### योग शिविर का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय में बुधवार को योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें योगाचार्य रमेश गोस्वामी ने योग की परिभाषाएं योग दर्शन एवं वेदों के अनुसार समझाई। अतिरिक्त निदेशक पेंशन कल्याण विभाग पूनम मेहता ने बताया कि योगाचार्य द्वारा कपाल भाँति, अनुलोम-विलोम प्राणायाम पद्मासन, भ्रामरी प्राणायाम सहित योग की अनेक क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। योगाचार्य ने शिविर में कहा कि योग संसार की गूढ़तम विद्या है और संसार में सबसे अधिक ऊर्जावान व्यक्ति का विषय है इसलिए योग के माध्यम से लोग केवल्य को प्राप्त कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि योग ही एक ऐसा साधन है जो मनुष्य को सांसारिक व मानसिक रूप से स्वस्थ कर सकता है। उन्होंने मनुष्य कल्याण के लिये ओम व गायत्री मंत्र का जप प्रतिदिन करने की सलाह दी। अतिरिक्त निदेशक पेंशन कल्याण विभाग पूनम मेहता ने कार्यालय में सभी कार्मिकों को योग नित्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए ऐसे और कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया।

### यूको बैंक की ग्राहक सुझाव बैठक आज

**रामगंजमंडी** (निसं)। यूको बैंक अंचल कार्यालय अजमेर के तत्वाधान में रामगंजमंडी शाखा द्वारा 16 मई गुरुवार को दोपहर तीन बजे कोटा स्टोन एसोसियशन भवन पारसा माता चौराहा कुदायला में ग्राहक सुझाव बैठक का आयोजन किया जा रहा हैं।जिसमे अंचल कार्यालय अजमेर के अंचल प्रमुख महेश ह. मौदेकर और अंचल के मुख्य प्रबन्धक जय प्रकाश झाझडिया उपस्थित रहेंगे।रामगंजमंडी शाखा के शाखा प्रबन्धक राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया की इस बैठक में ग्राहकों से सुझाव मांगे जाएंगे और बैंक की नवीन योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।हाल ही में बैंक व्यापारी वर्ग के लिए एमएसएमई ऋण और चालू खाता की विशेष योजना लाई हैं, इनके बारे में विस्तार से समझाया जाएगा और बैंक ग्राहक संबंधो पर विशेष चर्चा होगी।सभी से निवेदन किया जाता हैं की इस बैठक में भाग लेकर अपने अमूल्य सुझाव से हमें अवगत कराएं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत परिंडे बांधे

**कोटा,** (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा के राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा वरिष्ठ स्वयंसेवक राहुल मेघवाल के नेतृत्व में बालाजी की बगीची, बोरखेड़ा और भैरूजी के मंदिर परिसर , थेगड़ा धाम में पक्षियों के पानी के लिए 25 परिंडे बांधकर राज्य सरकार के गोपालन विभाग के मिशन संरक्षण के तहत इस भीषण गर्मी के मौसम में मूक प्राणियों के दाने-पानी की व्यवस्था करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस तरह के कार्य युवाओं में सेवा की भावना व संवेदनशीलता को विकसित करने के साथ साथ पारिवारिक भावना का भी विकास करते हैं। हम सब अपने परिवार में जीव-जंतु सभी को शामिल कर सबके जीवन के लिए कल्याण की भावना रखते हैं। यह उसी भावना का एक प्रमाण है।

### चिकित्सा शिविर आज

**बूंदी** (निसं)। पंडित ब्रज सुंदर शर्मा अस्पताल परिसर में 16 मई गुरुवार को सुबह 10 से 2बजे तक आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अग्निकर्म चिकित्सा, त्वचा एवं ब्लड शुगर संबंधित बीमारियों की जांच की जाएगी। परियोजना निदेशक के सी वर्मा ने बताया कि मरीजों को डॉ. विजया जैन, डॉ. भोलेश जैन, डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा त्वचा व शुगर का परामर्श दिया जाएगा। वहीं कोटा के डॉ. चंद्रेश तिवारी, डॉ. मिथलेश जैन अग्नि कर्म चिकित्सा से मरीजों का उपचार करेंगे। अग्निकर्म चिकित्सा द्वारा घुटने व कमर दर्द से संबंधित रोगियों को तुरन्त आराम मिलता है। शिविर में एम पी आई एल फार्मेसी की तरफ से निःशुल्क दवाईयां दी जाएगी।

### काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**कोटा,** (निसं)। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कोटा के तत्वाधान में श्रुतिलेखन एवं स्वर रचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन दिनाँक 15 मई मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागृह में आयोजित किया गया। जिसमें केंद्र सरकार के कार्यालय एवं निगम उपक्रम कार्यालय के 34 कर्मचारियों ने भाग लिया अध्यक्षता मंडल यांत्रिक इंजीनियर बीपी दास सहायक परिचालन प्रबंधक शशि भूषण शर्मा एवं राजभाषा अधिकारी शशि प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

### एनसीसी प्रशिक्षण की तिथि में बदलाव

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान गर्ल्स बटा. एनसीसी द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की तिथि में बदलाव किया गया हैं। एनसीसी के कमान अधिकारी ले. कर्नल हेमेन्द्र बंसल ने बताया कि पूर्व में यह वार्षिक शिविर 16 से 25 मई तक आयोजित किया जाना था। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के प्रस्तावित कार्यक्रम को मद्देनजर रखते हुए उक्त प्रशिक्षण शिविर की तिथि में बदलाव कर अब 20 से 29 मई तक न्यू आर पी ऑफ लाईन में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में राजस्थान के विभिन्न जिलो के लगभग 300 कैडेटस भाग लेगें।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार 16 मई को जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट में आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों की व्यक्तिगत सुनवाई प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक की जाएगी। जिला कलक्टर ने उपखण्ड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# प्रेमी संग मिलकर नाबालिग भाभी ने ही ननद को मौत के घाट उतारा

**कोटा,** (निसं)। शहर के महावीर नगर थाना इलाके में मंगलवार को 10वीं कक्षा की नाबालिक लड़की की गला रेत कर हत्या के मामले में बुधवार को पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मृतका की भाभी और उसके प्रेमी ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी भाभी को निरुद्ध किया है क्योंकि वो भी नाबालिग है। उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



कोटा में नाबालिग के मर्डर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लिया।

कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि मृतका की भाभी का शादी के पहले से झालावाड़ निवासी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद वो उससे बात करती थी। घर पर कोई नहीं होने पर प्रेमी झालावाड़ से कोटा पहुंच जाता था और दोनों एक साथ रहते थे।

इस बात की जानकारी उसकी ननद को लग गई थी। ऐसे में नाबालिग भाभी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ननद को मौत के घाट उतार दिया। इस हत्याकांड की योजना दोनों लंबे समय से बना रहे थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर को भी आरोपी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था उस समय लड़की अपने कमरे में सो रही थी। मौका पाकर दोनों ने चाकू से गला रेतकर नाबालिग की हत्या कर दी।

घटना करीब तीन बजे की है। इसके बाद आरोपी भाभी ने अपने प्रेमी को घर से रवाना कर दिया। इसके बाद वह दूसरे कमरे में जाकर सो गई। शाम को जब 4 बजे उसका देवर और सास घर पर आए तब घर के हालात देखकर चौंक गए। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर शाम को पहुंची।

कोटा सिटी एसपी डॉ. दुहन और एडिशनल एसपी दिलीप सैनी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौके पर ही मृतका की भाभी से पूछताछ की जिसमें वह संतोषजनक जवाब नहीं दे रही थी। इस पर पुलिस को भाभी पर ही शक गहराया और उन्होंने देर रात 11 बजे भाभी को डिटेन कर लिया थाने पर ले जाकर उससे पूछताछ की गई तब जाकर मामले का खुलासा हुआ।

आरोपी की शादी बीते साल 2023 नवंबर में हुई थी। नाबालिग छात्रा की शादी भी उसकी भाभी के गांव में ही तय हो गई थी। भाभी को लगता था कि नाबालिग को उसके और प्रेमी के संबंध के बारे में जानकारी मिल जाएगी। आरोपी ने बताया कि मंगलवार को जब ननद सो रही थी तब उसके प्रेमी ने उसपर चाकू से वार किए। इस दौरान भाभी ने उसका मुंह दबा दिया था। संडासी से सिर पर कई वार भी किए गए थे। इसके बाद आरोपी भाभी का प्रेमी वहां से फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ मंडावर थाना इलाके में पहले से भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। एडिशनल एसपी दिलीप सैनी ने बताया कि इस पूरे मामले में मंगलवार देर रात मृतका के भाई की रिपोर्ट पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया परिजनों को शव सौंप दिया है।

## अवैध बजरी परिवहन मामले में आरोपी गिरफ्तार

**नैनवां** (निसं)। थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिहवन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए। मय ट्रेक्टर ट्रोली सहित आरोपी श्योराज उर्फ सोराज को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा के दिशा निर्देश अनुसार पुलिस उपअधीक्षक शंकर लाल मीणा के दिशा निर्देशन में गशत व अवैध कार्ये चैकिंग के दौरान अवैध बजरी परिवन करते हुए आरोपी श्योराज उर्फ सोराज पुत्र रामस्वरुप उम्र 49 साल को ट्रेक्टर मय ट्रोली के गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की।चालक द्वारा अवैध खाल की रेत का परिवहन करने बाबत लाईसेन्स / अनुज्ञापत्र नही होने तथा उसका बिना लाईसेन्स परिवहन करना अपराध धारा से आरोपी गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।



**नैनवां क्षेत्रीय वन अधिकारी के आदेशों की पालना करते हुए।वनपाल नाका जजावर मुकाम रुणीजा स्टाफ ने गैर वानकी कार्या की रोकथाम अभियान के दौरान अवैध वन उपज परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर ट्राली को राजस्थान वन अधिनियम 1953 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर जप्त कर चालक कालू लाल माली, ओमप्रकाश माली निवासी बूंदी का गोठडा जिला बूंदी को गिरफ्तार किया।चालक से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि ग्राम रुणीजा में खेत मालिकों से पेड़ खरीद कर काट कर ग्राम गोठडा में ले जा रहा था। इन गीली लकडियों नीम चुरेल देसी बबूल को परिवहन कर निगर्मन करने का मेरे पास किसी प्रकार का पारपत्र/स्वीकृति नहीं है।**

# होम गाड्र्स के जवानों ने राजस्थान परमाणु बिजलीघर के आवासीय कॉलोनी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा में राजस्थान परमाणु बिजलीघर की सुरक्षा में तैनात होम गाड्र्स को निकालने के विरोध में बुधवार को राजस्थान परमाणु बिजलीघर के आवासीय कॉलोनी के मुख्य गेट एनटीसी पर प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान राजस्थान परमाणु बिजलीघर के प्रबंधन ने सुरक्षा में तैनात होम गाड्र्स के 60 जवानों को काम से बेदखल करने का आरोप लगाते हुए होम गाड्र्स के जवानों ने नारेबाजी की। इसके बाद उपजिला कलेक्टर के कार्यलय पर जाकर होम गाड्र्स के जवानों ने फिर से बहाल करने की मांग की। दोपहर 2 बजे के बाद होमगार्ड एनटीसी मुख्य गेट पर इकठ्ठा हुए और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद वाहन रैली निकालते हुए उपजिला कलेक्टर के कार्यलय पहुंचे। जहां काम से निकाले सभी होमगार्ड कर्मियों को वापस ड्यूटी जॉइन करवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। जवानों ने बताया की 90 जवान कई सालों से राजस्थान परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा में अपनी सेवाएं दे रहे है। बुधवार दोपहर 2 बजे शिफ्ट चेंज होने पर हमारे जवान ड्यूटी पर पहुंचते है। अचानक सुरक्षा अधिकारी कहते है कि 90 जवानों की जगह अब 30 जवान ही रखे जाएंगे। होमगार्ड कर्मियों का कहना है कि अगर रात 10 बजे वाली शिफ्ट में फिर से जवानों को नही रखा जाता है, तो हम परमाणु बिजलीघर कॉलोनी के मुख्य गेट पर धरने पर बैठेंगे। ज्ञापन में बताया कि एनपीसीआ एल द्वारा राज्य सरकार के कार्यालय समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र चित्तौडगढ से जवानों की मांग की ग थी, उसी के तहत हमारे विभाग द्वारा जवानो को एनपीसीआ एल की आवासीय कॉलोनी में लगाया था। मगर एनपीसीआ एल द्वारा 90 जवानों की जगह 30 जवान को ही आवासीय कॉलोनी में लगाने के लिए विभाग को पत्र लिखा है। जबकि बीते कई सालों से होमगार्ड एनपीसीआ एल की आवासीय कॉलोनी में अपनी ड्यूटी दे रहे हैं। जिससे उनके परिवार का पालन पोषण हो रहा है। एनपीसीआ एल द्वारा हमारे 60 जवानो की जगह ठेकेदारी मे प्रा वेट सिक्योरिटी को बाहर से लाकर यहां पर नियुक्त किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि अगर हमे तुरंत एनपीसीआ एल की आवासीय कॉलोनी मे सभी 90 जवानो की नियुक्ति नही करा जाती है, तो हमें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।

## आंख के पर्दे के रोगियों को परामर्श आज

**कोटा** (निसं)। शीला चौधरी रोड स्थित अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल में आज गुरुवार 16 मई को एम्स दिल्ली के रेटिना विशेषज्ञ डॉ अनूप किशोर गुप्ता द्वारा आंख के पर्दे के रोगीयो को परामर्श दिया जाएगा। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ संजय गुप्ता ने बताया कि प्रात:10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रेटिना विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। आंख के पर्दे की विभिन्न बीमारियों जैसे पर्दा खिसकना, पर्दे में छेद, मधुमेह से पर्दा खराब होना, पर्दे में खून आना, उच्च रक्तचाप से पर्दे की खराबी, मेकुलर डिजनरेशन, पर्दे में सूजन जैसे रोगी जांच करवा कर लाभ लेंगे। डॉ अनूप किशोर गुप्ता देश के सर्वश्रेष्ठ आल इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट एम्स से प्रशिक्षित है एवं जयपुर के प्रमुख रेटिना विशेषज्ञ है। आर जी एच एस योजना के तहत भी राज्य कर्मचारी व पेंशनर्स अपना ईलाज अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल में करवा सकते हैं।

अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल अब इसके लिए अधिकृत है। इस योजना में रोगी अपने मोतियाबिंद का आपरेशन कैशलेस करवा रहे हैं। विगत 3 साल में इस योजना में हजारो रोगी अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल में लाभ ले चुके हैं। रेटिना के रोगी भी आज इस योजना में कैशलेस दिखा सकते हैं। पर्दे में इंट्राविट्रीयल इंजेक्शन व पर्दे के लेजर की सुविधा भी रेटिना विशेषज्ञ द्वारा दी जाएगी।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नैनवां पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी को गिरफ्त में लिया।**

**नैनवां** (निसं)। थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 249 ग्राम गाँजे व मोटरसाईकल सहित आरोपी हेमराज को गिरफ्तार किया।

इस बारे में जानकारी देते हुए थाना अधिकारी महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीना मार्गदर्शन में अवैध मादक फदार्थ कारोबार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वृताधिकारी वृत नैनवा शंकरलाल मीणा के सुपरविजन मे पुलिस टीम ने गशत व अवैध कार्ये चैकिंग के दौरान रजलावता तिराया एन एच 148 डी हाईवे से आरोपी हेमराज को अवैघ 249 ग्राम गांजा व उपयुक्त मोटरसाईकल सहित गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। उक्त मोटरसाइकिल का अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन मे प्रयुक्त होने से बतोर वजह सबूत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया। वापसी थाने पर मु.न. 165/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट मे दर्ज कर अनुसंधान पवन कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना हिण्डोली के जिम्मे किया गया प्रकरण मे अनुसंधान जारी है।

## दोहरे हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। शहर पुलिस ने रामपुरा कोतवाली थाना इलाके में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में दो आरोपियों को और गिरफ्तार किया गया है। इनमें हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर 10 हजार का इनामी बदमाश सावन उर्फ बादल उर्फ अनिल है। वहीं दूसरा आकाश उर्फ वीर को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया है। यह हत्या गैंगवार के चलते हुई थी। दोनों आरोपी अलग-अलग गैंग के सदस्य थे।

मृतक रवि सिंह राजपूत इमरान पर्ची की गैंग का सदस्य था जबकि हमलावर सावन शुभम मेहरा गैंग का सदस्य था। जिनके बीच कुछ समय पहले कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद ही शुभम मेहरा गैंग के सदस्यों ने रवि सिंह राजपूत हमला कर दिया था। एसपी कोटा सिटी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि हत्याकांड के बाद आरोपी सावन दिल्ली फरार हो गया था। जहां पर पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सूचना तंत्र की मदद से आरोपी को दिल्ली से डिटेन किया और कोटा लाकर गिरफ्तार किया है। आरोपी सावन के खिलाफ 14 मुकदमे कोटा शहर के अलग-अलग स्थान में दर्ज हैं। आरोपियों ने 8 मई के दिन कलालों का घाट लाड़पुरा निवासी रवि सिंह राजपूत पर हमला कर दिया था। वह घर पर खाना खा रहा था।

इसी दौरान उसको बचाने के लिए सामने आई उसकी मां किरण और पिता गोपाल सिंह पर भी हमला कर दिया गया था। इस मामले में रवि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसकी मां की घटनाक्रम के चार दिन बाद 12 मई को मौत हुई थी। इस मामले में गोपाल सिंह की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सचिन उर्फ गुल्लू, शाहिद उर्फ दीपक व करण नरवाला को बून्दी रोड पेट्रोल पंप के नजदीक से 12 मई को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया था।

## पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्य हुए

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार स्व. अनूप कुमार सूद साहब की प्रथम पुण्यतिथि पर कांग्रेसजन शहर जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन बरथुनिया और सेवादल के प्रदेश सचिव अमित सूद के द्वारा जेडीबी कॉलेज के सामने स्थित सावित्रीबाई फुले पार्क में पौधारोपण किया गया और साथ ही पक्षियों के लिए पानी के परिंडे भी लगाएं गये। साथ ही अन्नपूर्णा रसोई में गरीबों के लिए निःशुल्क खाना भी खिलाया गया। साथ ही गायों को चारा भी खिलाया गया।

इस अवसर पर बरथुनिया ने कहा कि कोटा की गलियों से निकलकर अपनी पार्टी के प्रति निष्ठावान और समर्पित रहकर संगठन को सर्वोपरि मानकर राजस्थान प्रदेश से होकर दिल्ली तक जाने वालो के कुछ नामों में से एक नाम है अनूप कुमार सूद जिन्हें कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता के सूद साहब के नाम से जानते हैं जिन्होंने संगठन को सर्वोपरि मानकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का काम किया और अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी की सेवा में दे दिया।

सूद साहब ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से प्रेरित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और तब से लेकर अपने जीवन के अंतिम चरण तक कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए अंतिम समय में अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल की सलाहकार परिषद के सदस्य रहे जिसके अध्यक्ष राहुल गांधी हैं। सूद साहब का जीवन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।


**पश्चिम मध्य रेल**

एकल निविदा सूचना

स. ईएल/50/एनआईटी/03(2024-25)

दिनांक 07.05.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या- ई एल/50/207आर/2024-25, कार्य का नाम**- आरएमपीयू एसजीएसी कोचों में लगे हुए मेसर्स ऑटोमीटर एलायंस लिमिटेड मेक 25 केवीए इनवर्टर का व्यापक रखरखाव और वार्षिक प्रिवेन्टिव ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध तीन (03) वर्षों के लिए। **अनुमानित लागत (रू.में)**- 17231460.48, **बयाना राशि (रू. में.)** 236200.00, **कार्य समाप्ति अवधि**- 36 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय**- 30.05.2024 को 15:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15:15 बजे, ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास ।।। डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले दस्तावेजो की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ ले।

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## पुलिस अधीक्षक से की निष्पक्ष जांच की मांग

**बूंदी** (निसं)। तालेडा थाना क्षेत्र के बरूंधन में शराब ठेके के पीछे टीनशेड में लटके मिले युवक के शव के मामले में आखिल भारतीय मीणा विकास समिति संरक्षक पूर्व विधायक रामनारायण मीणा ने जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच कर खुलासा करने की मांग की। गौरतलब हैं कि पुलिस इस मामले को आत्महत्या मान रही है, जबकि परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के दौरान मृतक के परिजन भी रामनारायण मीणा के साथ मौजूद थे। परिजनों का आरोप है कि रामचरण की हत्या की गई है। मृतक के परिजनों ने पहले से चली आ रही रंजीश के अनुसार जोधराज गुर्जर, ओम प्रकाश गुर्जर, हरलाल गुर्जर, मोहनलाल गुर्जर, देवलाल गुर्जर पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि इन पांचो व्यक्ति द्वारा रामचरण मीना को धमकी दी थी। वही 22 अप्रैल को मृतक के परिवार के सदस्य नंदकिशोर पुत्र धनराज मीणा को कार से कुचलने की कोशिश की गई थी।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम दीपक कुमार महावर से बदलकर नया नाम दीपक महावर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-दीपक महावर पुत्र किशन लाल महावर 1082 बसन्त विहार कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम SHAIKH MOHAMMAD ABRAR से बदलकर नया नाम SHEIKH MOHAMMED ABRAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-शेख मोहम्मद अबरार पुत्र गुलशेर अहमद 2 भाटी हाउस सकतपुरा कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम JUGRAJ BERWA से बदलकर नया नाम JUGRAJ BAIRWA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-जुगराज बैरवा पुत्र मोडुलाल गांव बिनायन्का जिला बून्दी

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम MOHD AQUIB RAZA से बदलकर नया नाम MOHAMMED AAQIB RAZA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मोहम्मद आकिब रजा पुत्र रजा उर रहमान भिश्तियों की मस्जिद के पास चन्द्रघटा कोटा

**नाम परिवर्तन**

यह कि हम 1. अमित व्यास (पिता) 2. पूनम व्यास (माता) हमने अपनी पुत्री लवन्या व्यास (LAVANYA VYAS) से बदलकर नया नाम (LAAVANYA VYAS) लावन्या व्यास रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-लावन्या व्यास पुत्री अमित व्यास बी-99/100 श्री हरि हास्पिटल रिद्धी सिद्धी नगर कुन्हाड़ी कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1590 विज्ञप्ति दिनांक:-15.05.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाड़ी में स्थित कृषि भूमि योजना पार्श्वनाथपुरम ब्लॉक-ए खसरा नं. 93 में स्थित भूखंड संख्या ए-79 आवेदक/आवेदिका श्रीमती इन्दू शक्तावत पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह निवासी 6-सी बल्लभ नगर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 314 दिनांक 30.09.2016 को श्रीमती रुप कंवर पत्नी श्री विजय सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार दिनांक 17.10.2022 को हो चुकी है। मृतक रुप कंवर द्वारा अपने जीवनकाल में रजि. वसीयतनामा दिनांक 27.04.2018 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती इन्दू शक्तावत पत्नी श्री भूपेन्द्र सिंह के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1595 विज्ञप्ति दिनांक:-15.05.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम नान्ता में स्थित कृषि भूमि योजना जी.एम.ए. टाउनशिप खसरा नं. 535 में स्थित भूखंड संख्या 93 आवेदक/आवेदिका श्री वासुदेव मंगरानी पुत्र श्री खेमचन्द मांगरानी निवासी छ-8 साबरमती कालोनी कोटा सिटी कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 545 दिनांक 28.06.2013 को श्री चुन्नी लाल पंजवानी पुत्र श्री जमियत मल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 12.04.2014 को जर्ये मुख्तारआम श्रीमती प्रीति सोनी पत्नी श्री दीपक सोनी द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया।

अतः श्री वासुदेव मंगरानी पुत्र श्री खेमचन्द मांगरानी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।


उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

# डी.आर.एम. ने छबड़ा स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची

**छबड़ा** (निसं)। कोटा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी बुधवार शाम स्पेशल सैलून ट्रेन से छबड़ा पहुंचे। डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यहां चल रहे पुर्नविकास कार्यों के साथ ही रेल संरक्षा, सुरक्षा एवं संचालन संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अधिकारियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिए।

इस दौरान कई विभागो के अधिकारी व इंजीनियर मौजूद रहे। डीआरएम ने यहां ठेकेदार द्वारा घटिया क्वालिटी के लगाए जा रहे ब्लाक को रिजेक्ट कर दिया और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण पत्थर के ब्लाक स्टेशन की दीवारों पर लगाने के निर्देश दिए।

डीआरएम मनीष तिवारी ने बताया कि यहां लगभग 22 करोड की लागत से रेलवे स्टेषन का कायाकल्प किया जा रहा हैं। सितंबर-अक्टूबर तक स्टेषन का स्वरूप दिखने लगेगा। वहीं अब तक यहां निर्माण कार्य ठीक चल रहा हैं। स्टेषन पर ठेकेदार द्वारा लगाए जाने वाले धोलपुर पत्थर के ब्लाक गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के चलते रिजेक्ट कर दिए गए। ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण ब्लाक लगाने के निर्देश दिए गए। स्टेशन के निर्माण कार्य में क्वालिटी के साथ समझौता नही किया जाएगा।



डी.आर.एम. ने छबड़ा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

## नवीन सत्र में प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**बूंदी** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दबलाना में प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर कुमार शर्मा द्वारा ली गई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दबलाना में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एंव मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिन्डोली अनीता मीणा ने स्कूल स्टाफ तथा एसडीएमसी के सदस्यों के साथ प्रवेश उत्सव को लेकर समीक्षा की एंव नए सत्र में विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजकीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी जा रही छात्रवृत्ति निशुल्क पाठ्य पुस्तक, पोषाहार, निशुल्क यूनिफॉर्म, हरा-भरा वातावरण, प्रशिक्षित शिक्षक, स्काउट, एन.एस.एस. आदि सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए फ्लेक्स बैनर आदि लगाकर नामांकन बढ़ाने के लिए प्रयास किये जाएं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनीता मीणा ने विद्यालय के उपलब्ध प्रचुर संसाधनों एवं उपलब्ध सुविधाओं को चलते हुए नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव प्रभारी नियुक्त कर गांव में गली और मोहल्ले का सर्वे कर छात्र-छात्राओं को विद्यालय से जोडने के लिए प्रेरित किया।

# सम्प्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण किया



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह बून्दी का निरीक्षण किया।

**बून्दी** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह बून्दी का निरीक्षण किया।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने गृह में साफ-सफाई, स्नानागार, शौचालय, रसोईघर, खेल के मैदान, डाईनिंग हाल, बालकों की शिक्षा, भोजन, दिनचर्या, काउन्सलर सुविधा तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया।

उन्होंने साथ ही बालकों की नियमित काउन्सिलिंग व नियमानुसार सहशैक्षिणक गतिविधियां करवाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता अमर सिंह राठौड एवं शिफा उल उपस्थित रहे।

## कार में दम घुटने से मासूम की मौत

**कोटा,** (निसं)। जिले के इटावा उपखंड में 3 वर्षीय मासूम की कार में दम घुटने से मौत हो गई। बच्ची के माता-पिता उसे कार में भूलकर शादी में चले गए थे। करीब 2 घंटे तक बंद कार में मासूम मौजूद थी। इसके चलते उसका दम घुट गया और मौत हो गई। बालिका संभवत: इस दौरान रोई भी होगी लेकिन शादी समारोह में तेज डीजे बज रहा था। ऐसे में किसी का ध्यान गाड़ी की ओर नहीं गया। कार भी धूप में ही खड़ी हुई थी। जानकारी के बाद परिजन बच्ची को आनन-फानन में लेकर इटावा अस्पताल पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों का मानना है कि बालिका को सांस लेने में दिक्कत हुई होगी लेकिन किसी का ध्यान उस पर नहीं गया। खातौली थाने के हेड कांस्टेबल भरतराज गुर्जर ने बताया कि 3 वर्षीय मासूम बालिका की गाड़ी में सोते समय दम घुट जाने से मौत हुई है। परिजनों ने किसी तरह की पुलिस कार्रवाई से इनकार किया है। जिसके बाद बालिका के शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। विज्ञान नगर निवासी प्रदीप नागर, उनकी पत्नी व दो बच्चियों के साथ खातौली थाना इलाके के जोरावरपुरा गांव में शादी विवाह में शामिल होने के लिए गए थे जहां पर गांव में पहुंचने पर उन्होंने गाड़ी पार्क कर दी। उस समय मासूम 3 वर्षीय गर्वी सो रही थी। दोनों पति-पत्नी और बड़ी बच्ची गाड़ी से उतर कर चले गए। प्रदीप का कहना है कि उसने सोचा था कि पत्नी ने बच्ची को उतार लिया जबकि पत्नी ने भी यही सोचा कि पति ने उतार लिया है। दोनों शादी समारोह में व्यस्त हो गए। 2 घंटे बाद जब दोनों एक दूसरे के आमने-सामने आए तब गर्वी के बारे में पूछा। इसके बाद घटनाक्रम की जानकारी मिली। जब दोनों भाग कर कार के नजदीक पहुंचे तब बालिका बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। इसके बाद जब अस्पताल लेकर गए तो उसे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बालिका की मौत

**नैनवां** (निसं)। रजलावता के पास शादी समारोह में शामिल होकर वापस जा रही 17 वर्षीय बालिका लक्ष्मी नागर पुत्री मोती शंकर नागर निवासी कचरावता राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद लोगों इकट्ठा हो गए। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के पश्चात नगर फोर्ट , नैनवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।शव को कब्जे में लेकर उप जिला चिकित्सालय नैनवा पहुंचाया जहां पर शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द किया। पिता मोती शंकर नागर ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर पुलिस को रिपोर्ट सौंपी पिता से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले में अनुसंधान शुरू किया।

मृतका के पिता मोती शंकर नागर ने रिपोर्ट के माध्यम से बताया कि पुत्री लक्ष्मी नागर 14 मई को रजलावता में किसी शादी समारोह में शिरकत करने पहुंची थी। वापस गांव लौटते समय कचरावता में रोड के साइड में खड़ी हुई थी। तभी अचानक अज्ञात वाहन चालक ने बालिका को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास लोग इकट्ठा हो गए। और पुलिस को सूचना दी। मैं भी मौके पर पहुंचा जहां पर मैंने बालिका की पहचान की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नैनवा उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।अत उक्त मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कार्यवाही की जावे। नगर फोर्ट पुलिस थाना अधिकारी दिलीप सहल ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी कचरावता के पास सड़क पर शाम सात बजे से 8 बजे के मध्य दुर्घटना की जानकारी मिली। जिसमें बालिका लक्ष्मी नागर की मौत हो गई।

# उपखंड तालेड़ा व उप पंजीयक, उप कोष कार्यालय का निरीक्षण किया

**बूंदी** (निसं)। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को उपखंड कार्यालय तालेडा, उप पंजीयक, उपकोष कार्यालय का निरीक्षण किया।

तालेडा उपखण्ड कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने भूमि रूपांतरण सहित अन्य प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालयों में सभी तरह के कार्य ई फाइलिंग से संपादित हो, इसकी पूर्ण सुनिश्चितता की जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि कोर्ट केस, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण संबंधी प्रकरणों, गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों एवं पंजीयन वसूली के प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के लक्ष्यों की प्राप्ति की प्रगति बढाई जावे। उप पंजीयक कार्यालय निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जावे। इन प्रकरणों के संबंध में निस्तारण का भौतिक सत्यापन भी किया जावे।

निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी तालेडा एचडी सिंह, तालेडा तहसीलदार मनीष कुमार मीणा, उपकोष अधिकारी सत्यनारायण गोस्वामी भी मौजूद रहे। उपकोष अधिकारी सत्यनारायण गोस्वामी भी मौजूद रहे।



कलेक्टर अक्षय गोदारा ने उपखंड कार्यालय तालेड़ा, उप पंजीयक, उपकोष कार्यालय का निरीक्षण किया।

# ग्रामीणों ने ज्ञापन के साथ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी

**नैनवां** (निसं)। बंबूली ग्राम में शमशान घाट से होली के खुट तक जाने वाले राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्ते पर व्याप्त अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम नैनवां उपखंड अधिकारी कार्यालय पर ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि अतिक्रमण के कारण सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। रास्ते पर गांव के कुछ स्थानीय दबंगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। उक्त रास्ते पर विधायक द्वारा सीसी सड़क मय नरेगा स्वीकृत हैं।

मगर अतिकर्मी द्वारा अभद्र आचरण व गलौज के करने के कारण पंचायत प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण कार्य रोक दिया गया है।

अतिक्रमी मारपीट पर भी आमादा हो जाता है। पूर्व में ग्रामीणों व पंचायत प्रशासन द्वारा विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया था। जिस पर विकास अधिकारी द्वारा तहसीलदार से रास्ते का सीमा ज्ञान करवाकर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ। अगर 2 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं होता है। तो समस्त ग्रामीण उपखंड अधिकारी व तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी इस अवसर पर कई ग्रामीण उपस्थित रहे।




ग्रामीणों ने अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम नैनवां उपखंड अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन दिया।

## गौशाला समिति के सदस्य एसपी व कलेक्टर से मिले

**छबड़ा** (निसं)। गोपाल गौशाला समिति के सदस्यो ने बुधवार को बारां पहुंचकर जिला कलैक्टर व एसपी से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। वही, समिति ने गुरूवार षाम तक गौषाला भूमि को मुक्त कराने की मांग की अन्यथा प्रषासन की अवैधानिक कार्रवाई के विरूद्ध छबड़ा बंद का आव्हान किया जाएगा। गौशाला समिति अध्यक्ष मनोज राठौर के नेतृत्व में गोविंद सोनी दरबार, पार्शद रितेष शर्मा ने बारां पहुंचकर जिला कलैक्टर रोहिताश्व सिंह व एसपी राजकुमार चौधरी से वार्ता की। यहां सदस्यो ने बताया कि हनुवतखेडा निवासी पप्पू, लक्ष्मीनारायण आदि की 3 बीघा 15 बिस्वा भूमि में से 2 बीघा कटिखंडी गौषाला के खाते दर्ज हैं। वही षेश भूमि से छबड़ा-धरनावदा मार्ग निकल गया हैं। एसडीएम रामसिंह गुर्जर व तहसीलदार अभिशेक पारीक ने स्थगन आदेष के बावजूद विवादित आराजी की पैमाईष कर गौषाला की खेल, मंदिर, टीनषेड आदि पर कब्जा सौंप दिया।

# छबड़ा : कार व ऑटो में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत, दो की मौत

- ऑटो में सवार पांच घायलो को बारां रैफर किया
- दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिये

**छबड़ा** (निसं)। सालपुरा सड़क मार्ग पर स्थित रीछडा गांव के निकट बुधवार को एक कार व ऑटो में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में ऑटो में सवार दो वृद्ध व्यक्तियो की मृत्यु हो गई। वहीं, पांच लोग घायल हो गए, जिन्हे उपचार के लिए बारां रैफर कर दिया हैं। पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं। वही, मृतको के षव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए हैं।

सीआई राजेश खटाना के अनुसार बुधवार दोपहर एक बजे ऑटो सवारियां लेकर खोपर की ओर से छबडा आ रहा था। वही, छबड़ा से एक कार कवाई की ओर जा रही थी। रास्ते में रीछडा गांव में मंदिर के सामने कार चालक ने कार को गफलत व लापरवाही से चलाकर ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो उछल कर दूर जा गिरा। जिससे ऑटो एवं कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों व राहगीरो ने मषक्कत कर ऑटो में से घायलो को निकालकर छबड़ा चिकित्सालय में पहुंचाया, यहां चिकित्सको ने जांच उपरांत अटरू के चरड़ाना निवासी रमेष सुमन (65) एवं रीछड़ा निवासी रामकरण धाकड (65) को मृत घोशित कर दिया तथा इस दुर्घटना में गंभीर घायल गणेषलाल वैशणव (55) पुत्र मांगीलाल निवासी खेड़ला, कुलदीप (22) पुत्र मोहनलाल एवं ऑटो चालक ललित (34) आत्मज सीताराम चंदेल निवासीगण छबडा, रंगलाल (71) पुत्र शंकरलाल योगी निवासी खोपर और शिवनारायण शर्मा (70) पुत्र चुन्नीलाल निवासी कांसल को प्राथमिक उपचार के बाद बारां रैफर कर दिया हैं। घटना की सूचना मिलने पर चिकित्सालय पहुंची पुलिस ने षवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर षव परिजनों के सुपुर्द कर दिए तथा कार चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच षुरू कर दी हैं।

**दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश:-** विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने बताया कि रीछड़ा के पास आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस मार्ग के दोनो ओर स्कूल व मंदिर सहित आबादी स्थित हैं, यहां कोई स्पीड ब्रेकर नही हैं, जिसके चलते कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, उन्होने पीडब्ल्यूडी एक्सईएन को इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिए।

# मिट्टी जांच की प्रक्रिया शुरू



कृषि विभाग के कर्मचारियों ने ग्राम पंचायत जुल्मी में मिट्टी जांच के लिये नमूना लिया।

**रामगंजमंडी** (निसं)। कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन को देखते हुए मिट्टी जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जिसके अंतर्गत किसानों के खेतों में से मिट्टी के नमूने लिए जा रहे है।

नमूनों को किसान व खेत की जानकारी सहित मिट्टी प्रयोगशाला में भिजवाया जाएगा,जहां इनकी जांच होगी।सहायक कृषि अधिकारी हरिओम मीणा ने बताया कि किसानों द्वारा खेतो में लगातार एक ही प्रकार के खाद व उर्वरक डाले जाते है जिससे की खेत मे अन्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। पोषक तत्वों की कमी होने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता घट जाती है व फसल उत्पादन अच्छा नहीं मिलता।

अत: सभी किसान भाई साल में एक बार अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य कराए। इसके परिणामस्वरूप मापदंडों के अनुसार ही खाद व उर्वरकों का प्रयोग करे। जिससे कि किसान का अनावश्यक खर्च न हो व मुनाफा भी अच्छा मिले।

# 'प्राणी सेवा ही मानवीय धर्म है, भीषण गर्मी में परिंडा बांधकर पक्षियों को बचाएं'

- उमंग संस्थान ने बेजुबान परिंदों के लिए परिंडे बंधवाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

**बूंदी** (निसं)। उमंग संस्थान के सेव बर्ड्स अभियान के तहत बुधवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में समन्वयक डॉ सर्वेश तिवारी व सचिव कृष्णकांत राठौर के सानिध्य में कार्यवाहक संस्था प्रधान प्रहलाद शर्मा की अध्यक्षता में शाला परिवार व एनसीसी कैडेट्स ने परिंडे बांधकर नियमित जल सेवा का संकल्प लिया।

समन्वयक डॉ सर्वेश तिवारी ने बताया की पक्षियों को बचाने के अनवरत चल रहे अभियान में जनसहभागिता बढ़ रही है। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण सूखते पेयजल स्त्रोत से पक्षियों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है, इसलिए स्वैच्छिक रूप से आगे आकर हमे पक्षियों के पेयजल की व्यवस्था कर इन्हे बचाना चाहिए। इसी क्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय में एनसीसी एवं स्काउट प्रभारी बृजेश कुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट सूरज आडीवाल, अंकित प्रजापत, वंश बैरागी व विशाल की टीम ने परंपरागत तरीकों से मिट्टी के परिंडे पेड़ों पर बांधे।

इस अवसर पर अभियान की जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव कृष्णकांत राठौर ने गर्मियों में पक्षियों के लिए जल की आवश्यकता के मध्यनजर अभियान के महत्व को बताया उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के क्षेत्र में परिंडे बांधकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बने।

शाला विकास एवं प्रबंध समिति सचिव कमलेश जैन ने कहा कि जीवो पर दया करना हमारी प्रवृत्ति होना चाहिए प्राणी मात्र की सेवा से बढ़कर कोई मानवीय धर्म नहीं है। व्याख्याता भूपेश जैतवाल ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण नैतिक दायित्व है हमे नई पीढ़ी को भी दायित्वबोध करवाना आवश्यक है। कार्यवाहक संस्था प्रधान प्रहलाद शर्मा ने संस्थान के इस अभियान को अनुकरणीय बताते हुए आभार प्रकट किया। एनसीसी प्रभारी बृजेश कुमार ने कार्यक्रम संचालन किया।

आयोजन में सहभागिता करते हुए स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी सोहनलाल प्रजापत, शाला विकास एवं प्रबंध समिति सचिव कमलेश जैन स्टाफ सचिव सत्यनारायण चौधरी सहित रेहाना बेगम, संतोष शर्मा, आभा अग्रवाल, सुदन रानी, ज्योति राठौर, ममता बनवाल, मेघा अग्रवाल, कमलेश गुर्जर, सत्यनारायण चौधरी, रमेश गुर्जर, कमलेश जैन, ओमप्रकाश वर्मा भूपेश जैतवाल, बुद्धि प्रकाश शर्मा, रवि गुप्ता, गौरी शंकर सोनी, मीरा साहू, सतीश कुमार, एजाज हुसैन मिर्ज़ा,राम चरण श्रृंगी, राम सिंह मीणा, हेमराज मीणा, रजिया खातून व रामघणी मीणा ने आसपास के क्षेत्र में परिंडे बांधकर नियमित जल सेवा की व्यवस्था की।



उमंग संस्थान के सेव बड्र्स अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने परिंडे बांधकर नियमित जल सेवा का संकल्प लिया।



पंत अभी युवा कप्तान हैं, वो समय के साथ सीखता जाएगा। जिस तरह से उसने चोट से वापसी करते हुए अभी तक पूरा सीजन खेला है... हम ऑफ सीजन पंत को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं थे।

– सौरव गांगुली

दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट डायरेक्टर, ऋषभ पंत के बारे में बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी



## बाबर आजम

**मंगलवार** को आयरलैंड के खिलाफ खत्म हुई टी- 20 सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से अपने नाम किया। सीरीज के अंतिम टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 42 गेंदों में 75 रनों की पारी खेली। आयरलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 में बाबर ने 6 चौके और 5 छक्के लगाए। इस ताबड़तोड़ पारी के दम पर उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50 प्लस का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## पीवीआर आईनोक्स पर टी-20 वर्ल्ड कप मैच देख सकते है

नई दिल्ली, 15 मई। टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2 जून से होने जा रही है। इससे पहले भारत का सबसे बड़ा सिनेमा ऑपरेटर पीवीआर आईनोक्स अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दे सकता है। क्योंकि, ये सिनेमाघर टी20 वर्ल्ड कप के दौरान प्रमुख मुकाबलों को दिखाने पर विचार कर रहा है।कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी नितिन सूद ने बताया कि कंपनी अगले महीन से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के बड़े मुकाबलों को दिखा सकती है। उनका मानना है कि भारत में बेहद लोकप्रिय टी20 क्रिकेट पिछले साल अक्टूबर में हुए वनडे वर्ल्ड कप की तुलना में सिनेमाघरों में ज्यादा दर्शक खींचेगा। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय खिलाड़ी आईपीएल 2024 के बीच ही अमेरिका के लिए रवाना हो सकते हैं। भारतीय टीम 24 मई को अमेरिका के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम अलग-अलग बैच में उड़ान भर सकती है। ऐसे में पहले बैच में वह भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे जो आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाएंगे।

## इस बार चेहरे पर गुस्से की जगह मुस्कुराहट थी, लखनऊ की लगातार तीसरी हार, मैदान पर फिर दिखे गोयनका-राहुल

नई दिल्ली, 15 मई। आईपीएल 2024 में मंगलवार रात दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 19 रन से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा है। पिछले दो सीजन से लगातार प्लेऑफ खेल रही लखनऊ की टीम की यह 13 मैच में सातवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में सातवीं पोजिशन पर है। लखनऊ को अपना आखिरी मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। टीम का नेट रन रेट काफी खराब (माइनस 0.787) है, ऐसे में मुंबई में जीत के बाद भी उसके लिए प्लेऑफ में पहुंचना लगभग नामुमकिन होगा। मैच खत्म होने के बाद एकबार फिर लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका मैदान पर पहुंचे जहां उन्हें कप्तान केएल राहुल के साथ बातचीत करते देखा गया।

## उसने खुद क्या किया, हार्दिक पंड्या के सपोर्ट में खड़े हुए गौतम गंभीर

नई दिल्ली, 15 मई। भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या के लिए आईपीएल 2024 में बुरे सपने की तरह गुजरा। मुंबई इंडियंस ने इस सीजन से ठीक पहले रोहित शर्मा को हटाकर पंड्या को कप्तानी सौंपी थी। मुंबई 17वें सीजन से बाहर होने वाली पहली टीम बनी। मुंबई ने सीजन में अबतक अपने 13 मैच में से सिर्फ चार मुकाबले ही जीते। कप्तान हार्दिक पंड्या को उनके प्रदर्शन के कारण काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। हार्दिक की कप्तानी पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन और दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व स्टार एबी डिविलियर्स ने सवाल उठाए थे।

# राजस्थान रॉयल्स लगातार चौथा मैच हारी, पंजाब ने 5 विकेट से हराया

## सैम करन की फिफ्टी, 2 विकेट भी लिये



गुवाहाटी, 15 मई। पंजाब किंग्स ने -2024 के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। पंजाब ने सीजन में 5वां मुकाबला जीता है। टीम के 10 अंक हो गए हैं। दूसरी ओर, प्लेऑफ में पहुंच चुकी राजस्थान ने लगातार चौथा मुकाबला गंवा दिया।

राजस्थान ने अपने दूसरे होमठाउंड गुवाहाटी में टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 18.5 ओवर में 5 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। पंजाब से कप्तान सैम करन ने 41 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। राइली रूसो और जितेश शर्मा ने 22-22 रन बनाए। राजस्थान से आवेश खान और युजवेंद्र चहल को 2-2 विकेट मिले।

रियान पराग ने 34 बॉल पर 48 रनों की पारी खेली। रविचंद्रन अश्विन ने 28 रन बनाए। कप्तान संजू सैमसन और टॉम कोहलर-कैडमोर ने 18-18 रन बनाए। पंजाब से कप्तान सैम करन, हर्षल पटेल और राहुल चाहर को दो-दो विकेट मिले। नाथन एलिस और अर्शदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। 16वें ओवर में पंजाब ने 5वां विकेट गंवाया। यहां जितेश शर्मा 22 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें युजवेंद्र चहल ने रियान पराग के हाथों कैच कराया। चहल ने जॉनी बेयरस्टो (14 रन) को भी आउट किया।

15वां ओवर डाल रहे रविचंद्रन अश्विन ने 14 रन खर्च कर दिए। इस ओवर में पंजाब ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इतना ही नहीं, कप्तान सैम करन और जितेश शर्मा ने फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 103/4 रहा। 8वें ओवर की आखिरी बॉल पर पंजाब ने चौथा विकेट गंवाया। यहां जॉनी बेयरस्टो 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें युजवेंद्र चहल ने रियान पराग के हाथों कैच कराया। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 48/4 रहा।

## पंजाब किंग्स को बड़ा झटका, कगिसो रबाडा चोटिल होने के कारण लौटे अपने देश



नई दिल्ली, 15 मई। पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल 2024 अच्छा नहीं रहा। टीम पॉइंट्स टेबल में 8 नंबर के साथ आखिरी स्थान पर है। प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं, इस बीच टीम को एक और झटका लगा है। दरअसल, पंजाब किंग्स के तेज गेदंबाज कगिसो रबाडा बाकी बचे दो मैच में नहीं खेलेंगे। साउथ अफ्रीका पेसर को बाएं पैर में इंफेक्शन हो गया है जिस कारण उन्हें इलाज के लिए साउथ अफ्रीका लौटना पड़ा।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने पर रबाडा की चोट को लेकर अपडेट दिया है। उन्होंने लिखा कि, साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पैर में संक्रमण के कारण आईपीएल से स्वदेश लौट आए हैं। 28 साल के खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर एक विशेषज्ञ से परामर्श और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की मेडिकल टीम उन रक कड़ी निदरानी रखी रही है। हालांकि, इससे रबाडा की टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी प्रभावित नहीं होंगी। वो टी20 वर्ल्ड कप में खेलेंगे। रबाडा ने पंजाब किंग्स के लिए 11 मैच खेले और 8.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए, लेकिन वह अपने आखिरी दो मैचों में नजर नहीं आएंगे। पंजाब किंग्स के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद उन्हें फ्रेंचाइजी की तरफ से देश लौटने की अनुमति दे दी गई

## मैं हर समय मैदान में रहना चाहता हूं : ऋषभ पंत

नई दिल्ली, 15 मई। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि लंबे समय के बाद मैदान में आने पर मुझे हर किसी का समर्थन मिला और हर चीज पसंद आई। उन्होंने कहा कि मैं हर समय मैदान में रहना चाहूता हूं। लखनऊ सुपर जायंट्स खिलाफ मिली जीत के बाद पंत ने कहा, हर कोई जानता था कि मैं डेढ़ साल बाद खेल रहा हूं। मैदान के बाहर मुझे वापसी करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। मैदान पर आने के बाद मुझे हर चीज पसंद आई। मैं अब इससे बिल्कुल भी दूर नहीं रहना चाहता। मैं हर समय मैदान पर रहना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए मैदान पर वापस आना शानदार अनुभव था। मुझे पूरे भारत में जिस तरह का समर्थन मिला वह अदभुत था। मैं यह देख कर काफी खुश था। मैं जहां भी खेलने गया, मुझे हर व्यक्ति से समर्थन मिला।

उन्होंने इस सत्र में टीम में कई तरह की समस्याओं पर कहा, हमने सत्र की शुरुआत बहुत उम्मीद के साथ की थी। हालांकि कुछ खिलाड़ियों के चोट, कई उतार-चढ़ाव और कुछ खिलाड़ियों का बिमार हो जाना हमें महंगा पड़ा। हालांकि एक फ्रेंचाइजी के रूप में आप हर समय शिक़ायत नहीं कर सकते। आपके हाथ में जो कुछ भी है, उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम प्लेऑफ बहुत करीब थे। जैसा कि आप देख सकते हैं कि आखिरी मैच तक देख हम प्लेऑफ के लिए करीबी मुकाबले में हैं। आप जानते हैं कि कुछ चीजें हैं, जिन्हें आप नियंत्रित कर सकते हैं, और कुछ चीजें ऐसी हैं जिन्हें आप नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। पिछला मैच में नहीं खेल सका। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अगर मैं खेला होता तो हम निश्चित रूप से जीत जाते लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास क्वालिफाई करने का बेहतर अवसर होता।

## रेसलर अमन सहरावत का छलका दर्द, कहा- एक और ट्रॉयल की चिंता करुं या ओलंपिक की तैयारी

नई दिल्ली, 15 मई। भारतीय रेसलिंग में अभी भी दंगल जारी है, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष पहलवान अमन सहरावत काफी परेशान हैं। दरअसल, वह इस बात से नाखुश हैं कि खेलों की तैयारी पर अपना ध्यान लगाने की जगह उन्हें अब भी एक और ट्रायल के लिए वजन घटाने के बारे में चिंता करनी होगी। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन 20 साल के अमन ने हाल ही में इस्तांबुल में वर्ल्ड क्वालीफायर के जरिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लए कोटा हासिल किया।




भारत के पुरुष पहलवानों ने 11 और वजन वर्ग में चुनौती पेश की लेकिन उनमें से कोई क्वालीफाई नहीं कर पाया। अमन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, "इतनी बार मुझे अपना वजन कम करना पडा है। मुझे कितनी बार ऐसा करना होगा? इससे काफी कमजोरी आती है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं अब दोबारा ट्रायल जीतने के बारे में सोचूं या ओलंपिक की तैयारी शुरू करूं। मुझे लगता है कि अगर मुझे दोबारा ट्रायल से गुजरने को कहा जाता है तो अच्छी तैयारी के लिए जो काम करने की जरूरत होगी वह प्रभावित होगा।"

साथ ही उन्होंने कहा, "ट्रायल के खत्म होने तक ओलंपिक बेहद करीब होगा तो फिर हम तैयारी कब शुरू करेंगे? मेरे नजरिए से ट्रायल नहीं होने चाहिए।" एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता अमन को विश्वास है कि वह खेलों में पदक के दावेदार होंगे। उन्होंने कहा, "मैं खुद को दुनिया में शीर्ष तीन में देखता हूं। रूस और अल्बानिया के पहलवान मजबूत हैं और उनके साथ करीबी मुकाबला होगा, अन्य को मैं संभाल सकता हूं।"

## रविन्द्र जडेजा का राजपूताना ठाठ

नई दिल्ली, 15 मई। भारतीय क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इंडियन प्रीमियर लीग के व्यस्त शेड्यूल में से समय निकालकर मां अन्नपूर्णा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान जडेजा राजपूताना अंदाज में सिर पर पगड़ी पहने हुए थे। जडेजा के साथ उनकी वाइफ रिवाबा भी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए गईं थी। जडेजा ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर को शेयर किया है। इस दौरान जडेजा की वाइफ रिवाबा पूरी तरह भारतीय संस्कृति से सराबोर दिखीं। उन्हें सिर पर पल्लू लिए जडेजा के साथ मिलकर मां अन्नपूर्णा की आराधना की। बता दें कि जडेजा इस समय आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं। आईपीएल के बाद जडेजा भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। रविंद्र जडेजा को टीम इंडिया के लिए टी20 विश्व कप के स्क्वाड में शामिल किया गया है। ऐसे में उम्मीद है कि जडेजा आईपीएल के बाद टीम इंडिया के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले विश्व कप में भी अपना कमाल दिखाए।



# डॉ. सुधीर भंडारी के कार्यकाल में वर्ष 2020 से पनप रहा था अंग प्रत्यारोपण की एन.ओ.सी. का फर्जीवाड़ा : चिकित्सा मंत्री

## चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एन.ओ.सी. मामले को लेकर बुधवार को प्रैस कॉफ्रेंस की

- **मंत्री का कहना है कि, पिछले एक वर्ष में 945 ऑर्गन ट्रांसप्लांट्स हुए, इनमें से 269 केस में डोनर-रिसीवर नजदीकी रिश्तेदार नहीं थे**
- **सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बीते एक साल में 171 ट्रांसप्लांट विदेशी नागरिकों के हुए। जिनमें फोर्टिस अस्पताल में 103, ईएचसीसी में 34, मणिपाल हॉस्पिटल में 31 और महात्मा गांधी अस्पताल में 2 हुए थे।**
- **एन.ओ.सी. आवेदनों की जानकारी होने के बावजूद बैठक नहीं बुलाने पर दोषी मानते हुए राज्य सरकार ने एस.एम.एस. अस्पताल के सीनियर प्रोफेसर (सर्जरी) डॉ. राजेन्द्र बागडी को निलंबित कर दिया है**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट (अंग प्रत्यारोपण) के लिए फर्जी एन.ओ.सी. दिये जाने के मामले को लेकर चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बुधवार को प्रैस कॉफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि डॉ. सुधीर भण्डारी जब एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक थे, उसी समय से अनियमितताएं और फर्जीवाड़ा सामने आया है। दूसरे राज्यों से भी इस संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। वर्ष 2020 में चेन्नई व बुलंदशहर में प्रत्यारोपण के लिए जारी एनओसी की प्रमाणिकता जांचने के लिए एस.एम.एस. प्रशासन को पत्र लिखा गया था, लेकिन उसे नजरअंदाज कर दिया गया। यदि उसी समय इस पर एक्शन लिया जाता तो इस अपराध को पहले ही रोका जा सकता था।

खींवसर ने बताया कि पिछले एक वर्ष में 945 ऑर्गन ट्रांसप्लांट्स हुए, इनमें से 82 सरकारी अस्पतालों में तथा 863 निजी अस्पतालों में हुए। कुल 933 ट्रांसप्लांट का रिकॉर्ड मिल गया है, इनमें 882 किडनी व 51 लीवर के ट्रांसप्लांट थे। खास बात यह है कि 269 केस में डोनर-रिसीवर नजदीकी रिश्तेदार नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बीते एक साल में 171 ट्रांसप्लांट विदेशी नागरिकों के हुए। जिनमें फोर्टिस अस्पताल में 103, ईएचसीसी में 34, मणिपाल हॉस्पिटल में 31 और महात्मा गांधी अस्पताल में 2 हुए। फोर्टिस, ईएचसीसी और मणिपाल हॉस्पिटल में नियम विरूद्ध प्रत्यारोपण पाए जाने पर इनका अंग प्रत्यारोपण लाइसेंस निलंबित कर दिया है। तीनों अस्पतालों के विरूद्ध पुलिस जांच भी जारी है।




**चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर बुधवार को प्रेस से रुबरू हुए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह भी मौजूद रहीं।**

### सोटो की स्टीयरिंग कमेटी पर भंडारी का आधिपत्य था

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने टोहा एक्ट के नियमों का उल्लंघन कर सोटो के चेयरमैन बने हुए डॉ. सुधीर भण्डारी को भी सोटो की स्टीयरिंग कमेटी के चैयरमेन पद से हटा दिया है।

प्रधानाचार्य के पद से हटते समय ही भंडारी ने सोटो चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि वास्तविकता यह है कि वे निरन्तर सोटो चेयरमैन के रूप में कार्य कर रहे थे। इसके पुख्ता साक्ष्य मौजूद हैं।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज के कार्यकाल में गठित सोटो की स्टेयरिंग कमेटी की संरचना में एनओटीपी के दिशा-निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधियों को नामित कराने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे स्टीयरिंग कमेटी में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व नहीं रहा।

यह सम्पूर्ण स्थिति दर्शाती है कि डॉ. भण्डारी ने आरयूएचएस के वीसी बनने के बाद सोटो के कार्यों पर अपना आधिपत्य बनाया रखा गया। डॉ. भण्डारी को सोटो की स्टीयरिंग कमेटी से तुरन्त प्रभाव से हटाया जा चुका है।

राज्य सरकार ने इस फर्जीवाडे में भंडारी की भूमिका के साक्ष्य पेश करते हुए राज्यपाल को वीसी के पद से हटाने की अभिशंषा की थी। इस कारण भण्डारी को आरयूएचएस के वीसी पद से इस्तीफा देना पड़ा।

### डॉ. राजेन्द्र बागड़ी को भी निलंबित किया

खींवसर ने बताया कि एस.एम.एस. अस्पताल के सीनियर प्रोफेसर, सर्जरी डॉ. राजेन्द्र बागडी को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया गया है।

बागड़ी को 15 अप्रैल 2022 को राज्य प्राधिकार समिति का समन्वयक नियुक्त किया गया था। डॉ. बागडी के हस्ताक्षरों से जारी ऐसे मीटिंग नोटिस पाए गए हैं, जिन पर मीटिंग की दिनांक एवं समय अंकित नहीं है।

ये तथ्य दर्शाते हैं कि डॉ. राजेन्द्र बागडी को एनओसी के लिए आवेदनों के निरन्तर प्राप्त होने की पूर्ण जानकारी थी। इसके बावजूद मीटिंगों का आयोजन नहीं होने के लिए वे प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हैं।

डॉ. बागडी ने राज्य प्राधिकार समिति के कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि मंत्रालयिक कार्मिक गौरव सिंह के द्वारा राज्य प्राधिकार समिति के कार्यों पर आधिपत्य बना लिया गया। डॉ. बागड़ी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### गौरव सिंह, अनिल व विनोद सिंह गिरफ्तार हो चुके

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि इस प्रकरण में प्रारम्भिक जांच के बाद फर्जी एनओसी देने के आरोप में एस.एम.एस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह, ई.एच.सी.सी. अस्पताल के मानव अंग प्रत्यारोपण समन्वयक अनिल जोशी और फोर्टिस अस्पताल के समन्वयक विनोद सिंह मानव को गिरफ्तार कर लिया गया था। गौरव सिंह को चिकित्सा विभाग ने निलम्बित भी कर दिया है। समुचित प्राधिकारी (एप्रोप्रिएट अथॉरिटी) की ओर से मामले में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। प्रकरण में गहन जांच जारी है। प्रभावी जांच के लिए टोहा एक्ट के तहत एडिशनल डीसीपी (क्राइम) को समुचित प्राधिकारी बनाया गया है। साथ ही, मामले में तफ्तीश के लिए पुलिस के स्तर पर एसआईटी का गठन कर दिया गया है। एसीबी पहले से ही इस मामले में अपनी जांच कर रही है। पुलिस द्वारा आपराधिक दृष्टिकोण से इस मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है।

### 15 अस्पतालों में हो रहा था अंग प्रत्यारोपण

खींवसर का कहना है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट दे दी है। इसमें सामने आया है कि प्रदेश में 15 अस्पतालों में मानव अंग प्रत्यारोपण किया जा रहा था। इनमें 4 सरकारी एवं 11 निजी अस्पताल है। फर्जी एनओसी का मामला सामने आने के बाद सरकार ने सभी अस्पतालों का रिकॉर्ड जांच के लिए अपनी निगरानी में ले लिया था।

जांच में सामने आया कि विगत एक वर्ष में करीब 945 प्रत्यारोपण हुए। इनमें से 82 सरकारी अस्पतालों में तथा 863 निजी अस्पतालों में हुए। इनमें से 933 का रिकॉर्ड उपलब्ध हो गया है। कुल 933 अंग प्रत्यारोपण में से 882 किडनी तथा 51 लीवर के ट्रांसप्लांट थे।

### विदेशी नागरिकों को ऑर्गन लगाने की जांच होगी

171 विदेशी नागरिकों को अंग प्रत्यारोपण और इसमें निजी अस्पतालों की लिप्तता की जांच पुलिस, एसीबी और एप्रोप्रिएट अथॉरिटी द्वारा की जा रही है। साथ ही एसआईटी का भी गठन कर दिया गया है।

## स्व.भैरोंसिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार सायं पूर्व उपराष्ट्रपति और राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे स्व.भैरोंसिंह शेखावत की पुण्य तिथि पर विद्याधर नगर स्थित उनके स्मृति स्थल जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोसिंह शेखावत को उनकी 14वीं पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए कहा कि वे आजीवन राष्ट्रहित के लिये कार्य करते रहे। वें जनहितैषी थे।

## फोर्टिस अस्पताल के दोनों डॉक्टर छह दिन के रिमांड पर

**जयपुर** (कासं)। फर्जी एनओसी से मानव अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) मामले की जांच कर रही एस.आई.टी. ने बुधवार को फोर्टिस अस्पताल के गिरफ्तार दोनों डॉक्टर्स जितेंद्र गोस्वामी और संदीप गुप्ता को कोर्ट में पेश किया। एसआईटी ने कोर्ट से दोनों डॉक्टर का 10 दिन का रिमांड मांगा, लेकिन कोर्ट ने 6 दिन का रिमांड दिया है। इसके बाद एसआईटी की टीम दोनों डॉक्टरों को लेकर कोर्ट से निकल गई। सूत्रों के मुताबिक आरोपी डॉक्टरों के वकीलों ने दलील देते हुए कोर्ट से कहा कि उनके क्लाइंट का इस केस से कोई लेना-देना नहीं हैं। ये तो केवल हॉस्पिटल में ऑपरेशन करते थे। दोनों ने जो ऑपरेशन किए, उसमें फर्जी एनओसी की जांच करने का काम इनका नहीं था। इस मामले में एसीबी ने सवाई मानसिंह अस्पताल के स्टाफ को गिरफ्तार किया था, लेकिन एसआईटी वहां के डॉक्टर्स से कोई पूछताछ नहीं कर रही है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्याधर नगर स्थित पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नरपत सिंह राजवी, विधायक बालमुकुंद आचार्य सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद थे।*

# वर्तमान वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट 6.6 प्रतिशत होने की संभावना

## यह आकलन दिया है, विश्व प्रसिद्ध रेटिंग एजेंसी ''मूडी'' ने

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 मई। देश में चल रहे राजनीतिक शोर-शराबे के बीच यह एक ताजी हवा के झौंके जैसा है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत क्रेडिट डिमांड के कारण वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में 6.6 प्रतिशत तक बढ़ सकती है।

यह संभावना ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ''मूडी'' ने व्यक्त की है, हालांकि मूडी का अनुमान रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया (आर.बी.आई.) के 7 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा ही कम है, लेकिन फिर भी इसे स्वस्थ माना गया है। इन्टरनैशनल मॉनिटरी फंड (आई.एम.एफ.) ने भारत के ग्रॉस डोमैस्टिक प्रोडक्ट (जी.डी.पी.) को लेकर हाल ही में जो संभावना व्यक्त की थी, से भी ''मूडी'' और आर.बी.आई. के आंकड़े मैच करते हैं।

मूडी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत बतायी थी। भारत की जी.डी.पी. में वित्तीय वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही के दौरान 8.4 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई और वह विश्व में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रही और अब उसकी गति के और बढ़ने की संभावना है।

भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2022-23, 7.2 प्रतिशत और वर्ष 2021-22, 8.7 प्रतिशत बढ़ी। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रेटिंग एजेंसी ने हाल ही माना था कि, अर्थव्यवस्था को लेकर भारत सरकार का रूख स्थिर रहेगा। स्थिर रूख में यह संभावना भी शामिल होती है कि भारत के वित्तीय मानदंड आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं के बीच और उसके समकक्ष देशों की तुलना में धीरे-धीरे बढ़ेंगे।

मूडी ने कहा कि भारत वैश्विक महामारी के बाद एक मजबूत एवं स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, हालांकि रेटिंग एजेंसी को यह उम्मीद नहीं है कि अगले वर्ष तक धीरे-धीरे होने वाले ''फिस्कल मैट्रिक्स'' के बीच ऋणों में कोई ठोस कमी आएगी।

- चुनावी शोर गुल के बीच ताजी हवा के झोंके की तरह आई इस खबर ने भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़े लोगों की खुशी बढ़ा दी है।
- मूडी का आकलन, हालांकि, आर.बी.आई. के अनुमान, सात प्रतिशत से कुछ कम है, पर इसे काफी उत्साहवर्धक माना जा रहा है।
- इस प्रकार भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसी दर से ग्रोथ होती रही तो भारत देश जापान को पीछे छोड़ कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

मूडी ने यह जोर देकर कहा है कि, भारत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, डिजीटलाइजेशन और वित्तीय सिस्टम के नवीनीकरण से लाभांवित हुआ है।

आई.एम.एफ. ने नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार वर्ष 2024 में भारत का विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से आगे बढ़ना तय है।

आई.एम.एफ. ने अपने नवीनतम दृष्टिकोण में वर्ष 2024 में भारत के लिए 6.5 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत की आर्थिक संभावना व्यक्त की है। उसका मानना है कि जी.डी.पी. की ठोस वृद्धि की भविष्यवाणी, नियंत्रित स्तरों की महंगाई, केन्द्र सरकार की राजनीतिक स्थिरता और केन्द्रीय बैंक की प्रशंसनीय मौद्रिक नीति ने हाल ही की तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की उज्जवल छवि पेश करने में योगदान किया है।

भारत की जी-20 अध्यक्षता एवं नीति आयोग के पूर्व प्रमुख अभिमाभ कांत ने विभिन्न वृहद आर्थिक मानदंडों का हवाला देते हुए कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। भारत की जीडीपी वर्तमान में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद पांचवे स्थान पर है। भारत ने आर्थिक विकास के मामले में वर्ष 2022 में यू.के. को पीछे छोड़ दिया था। एक दशक पहले ही भारत की जी.डी.पी. दुनिया में 11वें स्थान पर थी। वर्तमान में उसके 3.7 ट्रिलीयन डॉलर तक होने का अनुमान है।

कांत के अनुसार फ्रेज़ाइल 5 के हिसाब से भारत की 2024 में विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक की यात्रा में जी.एस.टी. का रिकॉर्ड कलैक्शन, पिछली तीन तिमाहियों में 8 प्रतिशत से अधिक की जी.डी.पी., वृद्धि, विभिन्न देशों के साथ भारतीय करेंसी रूपए में व्यापार और महंगाई को नियंत्रण में रखने का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

वित्तीय विश्लेषक मॉर्गन स्टेनली ने वर्ष 2013 में ''फ्रेज़ाइल-5'' शब्द गढ़ा था। यह शब्द भारत सहित आर्थिक रूप से उभर रहे पांच देशों को इंगित करता है। उस वक्त इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं का संचालन बेहतर नहीं था। फ्रेज़ाइल-5 में चार अन्य देश थे-ब्राज़ील, इन्डोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और टर्की। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि में कुछ कारकों के अलावा इस्पात, सीमेंट और ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग सैक्टर्स में डबल डिजिट की आर्थिक वृद्धि में ई-ट्रांजैक्शन्स की 134 बिलियन तक पहुंच, जो कि वैश्विक डिजीटल पेमेन्ट्स का 46 प्रतिशत है, के साथ ही भारत का डिजीटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में वैश्विक नेता बनना, जन धन, आधार और मोबाइल में 2.32 लाख करोड़ खाते खुलने और वर्ष 2003-04 से वर्ष 2013-14 के बीच रही 8.2 प्रतिशत की वार्षिक महंगाई दर का वर्ष 2013-14 और वर्ष 2022-13 के बीच 5 प्रतिशत तक आ जाने ने अहम योगदान किया। वर्तमान और अगले वित्तीय वर्षों में रहने वाली मजबूत आर्थिक संभावनाओं से भारत की सत्तारूढ़ पार्टी का उत्साहवर्धन होना तय है और वह भारत के विकसित देश बनने को लेकर गर्व से चर्चा करेगी।

केन्द्रीय पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी कहते हैं कि भारत को वर्ष 2047 से पहले 10-15 वर्ष बाद एक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त हो सकता है।

वे कहते हैं कि ''वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब देश विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन अब वह 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले 2 वर्षों में वह जर्मनी और जापान को पछाड़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

# इंडिया गठबंधन को बाहर से समर्थन देने का ऐलान किया ममता बनर्जी ने

## राजनीतिक विश्लेषक ममता बनर्जी के इस बयान को उनके तेवर ढीले पड़ने का स्पष्ट संकेत मान रहे हैं

कोलकाता, 15 मई। लोकसभा चुनाव अभी चल रहे हैं। देश में किसकी सरकार बनेगी यह चार जून को नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा। इससे पहले विपक्षी गठबंधन ने सरकार बनाने की योजनाओं पर बयान देना शुरू कर दिया है। टी.एम.सी. सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा कि, लोकसभा चुनाव के बाद अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वह इस सरकार में शामिल नहीं होंगी बल्कि बाहर से उनकी पार्टी समर्थन करेगी।

उल्लेखनीय है कि चौथे चरण के चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो उनका पूरा सपोर्ट रहेगा। अब बुधवार को एक चुनावी रैली के दौरान ममता ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को बाहर से पूरा समर्थन देगी ताकि बंगाल के लोगों को कोई परेशानी न आए।

ममता बनर्जी ने कहा, ''हम इंडिया गठबंधन को नेतृत्व प्रदान करेंगे और उन्हें बाहर से हर तरह से मदद करेंगे। हम ऐसी सरकार बनाएंगे ताकि बंगाल में हमारी मां-बहनों को कभी परेशानी न हो। जो लोग 100 दिन-रोजगार योजना में काम करते हैं, उन्हें दिक्कत ना हो और उनको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।'' अपने बयान में उन्होंने टीएमसी के लिए इंडिया गठबंधन की अपनी परिभाषा साफ कर दी। ममता बनर्जी ने कहा, ''आपको यह पता होना चाहिए कि इंडिया अलायंस में- बंगाल कांग्रेस और सीपीआई (एम) को मत गिनें, वे दोनों हमारे साथ नहीं हैं। वे दोनों भाजपा के साथ हैं। मैं दिल्ली के बारे में बात कर रही हूं।'' राजनीतिक गलियारों में ममता के बाहर से समर्थन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अतीत में बंगाल की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी सीपीएम सहित विभिन्न वामपंथी दलों ने केंद्र में पहली यूपीए सरकार (मनमोहन सिंह के नेतृत्व में) को कैबिनेट में शामिल हुए बिना बाहर से समर्थन दिया था।

- तृणमूल कांग्रेस पहले भी कई बार सीधे केंद्र सरकार में शामिल हो चुकी हैं। वर्ष 1998 में बनी 13 महीने की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में ममता शामिल नहीं हुई थी, बल्कि बाहर से समर्थन किया था।

दूसरी ओर, ममता और उनकी पार्टी तृणमूल पहले भी कई बार सीधे केंद्र सरकार में शामिल हो चुकी हैं। 1998 में बनी 13 महीने की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में ममता शामिल नहीं हुई बल्कि बाहर से समर्थन किया। बाद में ममता सहित तृणमूल नेता कई बार वाजपेयी और मनमोहन की कैबिनेट में रहे। 1999 से 2004 तक तृणमूल वाजपेयी सरकार में थी। 2009 में ममता मनमोहन कैबिनेट में भी शामिल रहीं।

एक अलग बयान में ममता बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के तहत काम करने वाली कठपुतली करार दिया। चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने दो महीने की अवधि में चुनाव निर्धारित करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की और आरोप लगाया कि अत्यधिक गर्मी के कारण आम लोगों को होने वाली कठिनाइयों की अनदेखी करते हुए भाजपा के पक्ष में यह फैसला लिया। बनर्जी ने कहा, ''निर्वाचन आयोग एक कठपुतली है और मोदी के निर्देशों के अनुसार काम करता है। ढाई महीने से मतदान हो रहा है, क्या आपको (निर्वाचन अधिकारियों को) कभी आम लोगों की परेशानियों का एहसास हुआ है।''

### न्यूज़ क्लिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिहा होने का हकदार है। रिमांड आदेश अवैध है।''

शीर्ष अदालत ने कहा कि इस केस में अभियुक्त को गिरफ्तारी के तथ्यों के आधार लिखित में उपलब्ध कराया जाना जरूरी था। पुरकायस्थ की जमानत के लिए शर्तें ट्रायल कोर्ट लागू करेगी। सात माह से भी अधिक अवधि के बाद इंडियन न्यूज़ रूम को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, सुप्रीम कोर्ट ने घोषित किया कि न्यूज़ क्लिक के संस्थापक संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी ''कानून की निगाह में अवैध है।'' देश की शीर्ष अदालत ने परकायस्थ को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया। भारत में प्रेस की आज़ादी समाप्त होती प्रतीत होने के बीच इसे एक छोटी विजय के रूप में देखा जा रहा है।

## नागरिकता प्रमाण पत्र जारी होने से ममता...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में वो इसका विरोध करेंगी।

विपक्षी दलों, विशेष रूप से तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी द्वारा सी.ए.ए. के लगातार विरोध के माहौल में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आज 14 आवेदकों को भारत की नागरिकता प्रदान की। स्पष्ट रूप से तृणमूल के दावों का महत्व कम करने के लिए यह भाजपा का शक्ति प्रदर्शन है।

नागरिकता प्रमाण पत्र जारी होने के बाद ममता बनर्जी ने अभी तक, इस कानून के क्रियान्वन के बारे में प्रत्यक्ष रूप से कुछ नहीं कहा है।

केन्द्र के आज के इस कदम से विपक्ष के तेवर उग्र हो गए हैं। सारी विपक्षी पार्टियाँ नागरिकता देने के खिलाफ, जोर-शोर से चिल्ला रही हैं। कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद, इस कानून को निरस्त करने का वादा तक कर दिया है।

- सीमा के पास के पांच जिलों में मतुआ समुदाय की भारी संख्या में उपस्थिति है, जो बंगाल के चुनाव में निर्णायक है।

कल ही, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने, बंगाल में चुनावी सभा के एक मंच से ऐलान किया था कि सी.ए.ए. को लागू किया जायेगा।

जैसा कहा गया था, वैसा करा गया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय, बंगाल के संवेदनशील चुनावी क्षेत्रों को यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है। कुछ क्षेत्रों में मतुआ काफी तादाद में हैं और उनके समर्थन से भाजपा की संभावनाएं काफी बेहतर हो सकती है।

ममता बनर्जी भी इस पर काफी शोर मचा रही है और बुधवार को अपनी सभी जनसभाओं में उन्होंने कहा कि, नागरिकता का आवेदन करने से व्यक्ति नागरिक के रूप में अयोग्य हो जाता है। वह बार-बार कह रही हैं, ''जैसे ही आप सी.ए.ए. के तहत आवेदन करते हैं, आपका स्टेटस विदेशी का हो जाएगा और अपने सारे अधिकार खो देते हैं।

नागरिकता प्रमाण पत्रों के देने के इस कदम ने इन सब बयानों को झूठ बना दिया है।

जब यह कानून पास हुआ था तो लोगों ने तभी नागरिकता के लिए आवेदन करना भी शुरु कर दिया था।

### सीरियल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेकिन, कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन सहित पूरे विपक्ष के नेता इस मामले में केन्द्र सरकार की प्रकट एवं कथित निष्क्रियता को लेकर सवाल कर रहे हैं। उनके अनुसार केन्द्र सरकार हासन के इस सांसद का ''डिप्लोमैटिक पासपोर्ट'' निरस्त कर उसे भारत लौटने और जाँच का सामना करने को विवश कर सकती है। कुछ महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकायतों को लेकर पहले ही आगे आ चुकी है और उन्होंने एफ.आई.आर. भी दर्ज करवायी हैं, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस प्रकरण की जाँच के लिए एस.आई.टी. का गठन किया था। गौडा परिवार ने आरोप लगाया है कि यह केस राजनीति से प्रेरित है। उसने अश्लील वीडियोज़ रिलीज़ किए जाने के समय पर प्रश्न उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस को इसकी सूचना काफी समय पहले से थी, लेकिन उसने वीडियो तब जारी किए जब वोटिंग प्रक्रिया आधी ही पूर्ण हुई थी।

## 'पी.ओ.के. भारत का है और हम इसे लेकर रहेंगे'

कोलकाता, 15 मई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए साफ-साफ कहा है कि पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे लेकर रहेंगे। सेरामपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर में शांति लौट आई है, लेकिन पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अब आजादी के नारों और विरोध प्रदर्शनों से गूंज रहा है।

उन्होंने कहा, ''2019 में सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद कश्मीर में शांति लौट आई है। लेकिन अब हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं। पहले आजादी के नारे यहां सुनाई देते थे, अब वही नारे पीओके में सुनाई देते हैं। पहले यहां पत्थर फेंके जाते थे अब पीओके में पथराव हो रहा है।

## बीकानेर में सात-आठ हजार के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिंह की सभा में भी अपेक्षित भीड़ नहीं जुटने के पीछे भी यही कारण बताया जा रहा है। नोखा विधानसभा क्षेत्र के एक राजपूत बहुल एक गांव में राजपूत समाज के कुल मतदाताओं से मात्र 10-15 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने आए, जबकि इस गांव में भाजपा का पूरा दबदबा है।

कम मतदान को लेकर जब देहात भाजपा अध्यक्ष जालम सिंह भाटी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बड़े-छोटे चुनाव में मतदान में तो अंतर रहता ही है। इनका कहना था कि सरपंच के चुनाव में ज्यादा मतदान होता है। इसी मामले में नोखा के पूर्व विधायक भाजपा नेता बिहारी लाल बिश्नोई से नोखा में कम मतदान को लेकर बात की तो उनका कहना था कि नोखा में कम मतदान कोई नई बात नहीं है। यहां कम मतदान के बावजूद भाजपा बढ़त लेगी। नोखा में जाट-बिश्नोई मतदाताओं की लगभग बराबर संख्या है, जाट थोड़े से अधिक ही है। क्षेत्र के बिश्नोई मतदाता का रूझान भाजपा के पक्ष में माना जा रहा है, जबकि जाटों का रूझान कांग्रेस की तरफ माना जा रहा है।

श्रीडूंगरगढ़ के पूर्व विधायक गिरधारी महिया ने कहा कि बीकानेर लोकसभा में भाजपा के लिए यह चुनाव जितना सरल माना जा रहा था। क्षेत्र के मतदाताओं ने मतदान के बाद उस स्थिति को बदल दिया। उन्होंने पूरे बीकानेर लोकसभा क्षेत्र के बारे में बताते हुए कहा कि किसान आन्दोलन से प्रभावित खाजूवाला, अनूपगढ़ व श्रीडूंगरगढ़ आदि क्षेत्र में कांग्रेस भाजपा से अच्छी बढ़त लेगी। बीकानेर पूर्व व पश्चिम क्षेत्र में भाजपा 50-60 हजार की बढ़त ले सकती है। यह आंकलन भाजपा के आन्तरिक आंकलन से कम है, लेकिन राजनीतिक रुप से सक्रिय लोगों का आंकलन है।

मतदान के बाद कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों ने अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर स्थिति की समीक्षा की। भाजपा ने जहां अपने आन्तरिक आंकलन को लेकर पत्ते नहीं खोले। वहीं कांग्रेस के आंकलन में मतदान के बाद की स्थिति पर प्रदेश नेतृत्व को विस्तृत रिपोर्ट भेजी गई है। कांग्रेस के आन्तरिक आंकलन के अनुसार अनूपगढ़ में कुल मतदान के 70 प्रतिशत, खाजूवाला में 70 प्रतिशत, लूणकरनसर में 60 प्रतिशत, डूंगरगढ़ में 60 प्रतिशत, कोलायत में 50 प्रतिशत, नोखा में 40 प्रतिशत, बीकानेर पूर्व में 40 प्रतिशत तथा बीकानेर पश्चिम में 30 प्रतिशत मत कांग्रेस को मिलने की उम्मीद की गई है। इस आंकलन में दोनों दलों के बीच हार जीत को लेकर भी कहा गया है कि संभवत यह हार जीत 7-8 हजार तक ही रह सकती है। चुनाव प्रचार शुरू होने पर भाजपा में जो उत्साह था वह चुनाव खत्म होते-होते ढीला पड़ गया। न इस समय कोई भाजपा नेता यह दावा करने की स्थिति में है कि पूरे देश में माहौल भाजपा के पक्ष में होने व केन्द्र व राज्य में भाजपा की सरकार होने के बावजूद पार्टी इस सीट से भारी बढ़त लेकर चुनाव जीतेगी।

## चुनाव आयोग में राहुल गांधी की शिकायत

नई दिल्ली, 15 मई। लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि, उन्होंने दो तरह के सैनिक बनाए हैं। जिसपर आज विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता चुनाव आयोग के ऑफिस पहुंचे और राहुल गांधी और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाते हुए कार्रवाई की मांग की।

इस मामले में जानकारी देते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि कुछ दिन पहले राहुल गांधी जी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी ने दो तरह के सैनिक बनाए हैं।

एक गरीब, पिछड़े, आदिवासी और दलित का बेटा और दूसरा जो अमीर घर का बेटा लेकिन ये झूठ है, यह हमारे सशस्त्र बलों पर सीधा हमला है, वे इसे विवाद का मुद्दा बनाना चाहते हैं। वे उनका मनोबल गिराना चाहते हैं।

## 'मुझे अपने चाचा (नीतीश कुमार)...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जब उसने 40 में से 39 सीटें जीती थी। महागठबंधन नेताओं के अनुसार, जदयू, एन.डी.ए. की कमजोर कड़ी है, जो कि सीट बंटवारे के तहत 16 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसीलिए, विपक्षी खेमा, कुमार और उनकी पार्टी पर और ज्यादा जोर-शोर से निशाना साध रहा है।

- मोदी के पर्चे भरने के अवसर पर नीतीश के अनुपस्थित होने से तेजस्वी को आक्रमण करने का मौका अनायास ही मिल गया है।
- पर, यह सच है कि, उस समय नीतीश वायरल संक्रमण से पीड़ित थे तथा अपने पुराने साथी व मित्र सुशील मोदी की मृत्यु की खबर से ''डिप्रेशन'' भी महसूस कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी में नामांकन पत्र दाखिल करने के समय, नीतीश कुमार का ना होना संभवतया तेजस्वी के इस नवीनतम बयान के पीछे प्रमुख कारण हो सकता है।

पटना में हाल में आयोजित प्रधानमंत्री के एक रोड शो में, उनके साथ खुली जीप में नीतीश की भाजपा के चुनावी चिन्ह, कमल को हाथ में उठाने के लिए, कटु आलोचना हुयी है। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, तेजस्वी ने एन.डी.ए. में दरार डालने का प्रयत्न किया था, यह कहते हुए कि, ''उनको जानकारी थी कि कुमार का आशीर्वाद उनके साथ है क्योंकि वे उनकी लड़ाई आगे बढ़ा रहे हैं। इस बात पर ध्यान दीजिए कि, वह उसी दिन बीमार पड़ गए जिस दिन प्रधानमंत्री वाराणसी में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर रहे थे।

यह साफ है, मुझे उनका पूरा समर्थन प्राप्त हो रहा है।''

मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों ने यद्यपि, दावा किया कि, उनको ''फ्लू'' जैसे लक्षण थे और सोमवार रात्रि को अपने करीबी दोस्त और वरिष्ठ भाजपा नेता,जिसने दस साल से ज्यादा उनके सहायक के रूप में काम किया, सुशील कुमार मोदी के निधन के समाचार सुनने के बाद से वे उदास थे।

### चारधाम यात्रा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया। अब स्थिति सामान्य है हालांकि यात्रा सुचारु रुप से चल रही है।

गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बुधवार को बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 4 को डायबिटीज के साथ-साथ ब्लड प्रेशर की भी शिकायत थी।

## सी.ए.ए. कानून के अंतर्गत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

(संशोधन) नियम 2024 अधिसूचित किए जाने के बाद आज नागरिकता प्रमाण पत्र का प्रथम सेट जारी किया गया। भल्ला ने नई दिल्ली में कुछ आवेदनकर्ताओं को नागरिकता प्रमाण पत्र सुपुर्द किए और प्रमाण पत्र लेने वालों को बधाई भी दी और इसके साथ ही उन्होंने नागरिकता (संशोधन) नियम 2024 की मुख्य विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला।

नागरिकता (संशोधन) विधेयक ऐसे लोगों को भारतीय नागरिकता शीघ्र प्रदान करने के लिए बनाया गया है। जिनका पाकिस्तान अफगानिस्तान व बांग्लादेश में धर्म के आधार पर पलायन कर बचने के लिए भारत आए है इनमें हिन्दू, सिख, बौद्ध , जैन, पारसी व इसाई सम्प्रदाय परिवारों के लोग है परन्तु इस नियम में मुसलमान समुदाय शामिल है। लोक सभा ने यह कानून 9 दिसम्बर 2019 को पारित किया था और उसके दो दिन बाद राज्य सभा ने इस कानून को पारित कर दिया था। राष्ट्रपति ने इस कानून का अनुमोदन 12 दिसम्बर 2019 को किया था। इस कानून को पारित करने के तत्काल बाद ही इसके विरोध में सम्पूर्ण देश में व्यापक रूप से विरोध-प्रदर्शन हुए थे। चार साल पहले इस कानून के अधिनियमित होने के बावजूद सी.ए.ए. को इसलिए क्रियान्वित नहीं किया जा सका क्योंकि इसके नियम नहीं बने थे।

सरकार ने नागरिकता संशोधन एक्ट 2019 को क्रियान्वित करने से संबंधित बहु-प्रतिक्षित नियमों को अधिसूचित कर दिया है, गत 2019 के लोकसभा चुनावों एवं साल 2021 के पश्चिम बंगाल के विधान सभा चुनावों में भगवा पार्टी के चुनावी वादों में यह एक प्रमुख वादा था। नियमों की अधिसूचना एक दिन बाद सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में अपने 42 लोक सभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। पश्चिम बंगाल में भाजपा लगभग 30 लाख की संख्या वाले मतुआ समुदाय नागरिकता की गारंटी देती है जिनका लगभग पांच लोकसभा के क्षेत्रों तथा उत्तर व दक्षिण 24 परगणाओं की 50 से अधिक विधान सभा सीटों एवं नदिया जिले में अच्छा खासा प्रभाव है।

यद्यपि केन्द्रीय गृह मंत्रालय की यह कार्यवाही आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन प्रतीत होती है परन्तु यह बहुत ही संदिग्ध लगता है कि क्या चुनाव आयोग इस कार्यवाही पर स्वत: संज्ञान लेगा या इस पर कोई कार्यवाही करेगा।

# 'अमेरिका को चाबहार पोर्ट के परिप्रेक्ष्य में छोटी सोच नहीं रखनी चाहिये'

## भारत पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिका की ओर से आई धमकी के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी

नई दिल्ली, 15 मई। भारत ने ईरान के साथ चाबहार पोर्ट के संचालन को लेकर 10 साल का करार कर लिया है। इसे लेकर अमेरिका की ओर से टिप्पणी आई थी कि ईरान के साथ डील करने पर प्रतिबंध लग सकते हैं। इसे भारत के लिए सीधे तौर पर चेतावनी के तौर पर देखा गया था। अब अमेरिका की टिप्पणी पर एस. जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्री ने कहा कि छोटी सोच नहीं रखनी चाहिए। इस डील से पूरे क्षेत्र को ही फायदा मिलेगा। ऐसे अहम प्रोजेक्ट को लेकर छोटी सोच रखना ठीक नहीं है। उन्होंने कोलकाता में अपनी पुस्तक वाई भारत मैटर्स के बांग्ला अनुवाद के विमोचन के मौके पर यह बात कही।

जयशंकर ने कहा, मैंने कुछ बयान देखे हैं। लेकिन मैं समझता हूं कि यह मामला लोगों की समझ, संवाद का है। असल में यह सभी के लिए फायदेमंद है। इस बात को समझना चाहिए। मैं समझता हूं कि लोगों को छोटी सोच नहीं रखनी चाहिए। विदेश मंत्री ने अमेरिका को उसका इतिहास भी याद दिलाया। जयशंकर ने कहा, क्या उन्होंने पहले यह नहीं किया था। उन्हें खुद अपना ही पुराना रुख चाबहार बंदरगाह पर देखना चाहिए। अमेरिका इस प्रोजेक्ट को लेकर एक दौर में उत्साहित था और उसका मानना था कि यह अहम है। हम इस पर काम करेंगे।

- विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि, इस डील से पूरे क्षेत्र को ही फायदा मिलेगा। ऐसे अहम प्रोजेक्ट को लेकर छोटी सोच रखना ठीक नहीं है।

इससे पहले मंगलवार को अमेरिका ने कहा था कि यदि कोई भी तेहरान के साथ डील करता है तो उसे पता होना चाहिए कि पाबंदियां भी लग सकती हैं। अमेरिका का यह बयान उस खबर के बाद आया था, जिसमें भारत और ईरान ने चाबहार पोर्ट को लेकर डील कर ली थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा था, मैं इतना ही कहूंगा... ईरान पर अमेरिकी पाबंदियां लगी हुई हैं और हम उन्हें जारी रखेंगे। इसके आगे पटेल ने कहा था, यदि कोई भी कंपनी ईरान के साथ बिजनेस डील करती है तो फिर उन्हें पाबंदियों के बारे में पता होना चाहिए।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908